# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 2 जून 2026

[बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया]


तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री



सिम्स के एमआरडी भवन में पर्ची कटवाने लगी कतार।


हरिभूमि सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन 02 जून 2026
कूपन नं. 3


# खराब बोर्ड रिजल्ट, 10वीं में जिला 30वें व 12वीं में 27वें स्थान पर, प्राचार्यों को नोटिस

## जिन विषयों में छात्र ज्यादा फेल हुए, उन विषयों के व्याख्याताओं से भी जवाब मांगा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

10 वीं और 12 वीं के बोर्ड रिजल्ट में जिले का प्रदर्शन खराब रहा है। इससे हड़कंप मचा हुआ है। 10वीं में जिला प्रदेश में 30वें और 12वीं में 27वें स्थान पर रहा। इसके बाद 183 स्कूलों के प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इनमें 10वीं के 139 और 12वीं के 44 स्कूल शामिल हैं। जिन विषयों में छात्र ज्यादा फेल हुए, उन विषयों के व्याख्याताओं से भी जवाब मांगा गया है। कलेक्टर ने भी पिछली बैठक में साफ कहा है कि संसाधनों और शिक्षकों की उपलब्धता के बावजूद खराब परिणाम स्वीकार्य नहीं हैं।

अलग खबर

शिक्षा विभाग के मुताबिक जिले के उन स्कूलों को चिन्हित किया गया है जिनका परीक्षा परिणाम संतोषजनक नहीं रहा। सिर्फ प्राचार्य ही नहीं, बल्कि विषयवार व्याख्याताओं पर भी गाज गिरी है। जिन विषयों में छात्र सबसे ज्यादा अनुत्तीर्ण हुए हैं, उन संबंधित शिक्षकों को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है कि आखिर उनके विषय में परिणाम इतना खराब क्यों रहा। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी विजय तांडे को भी फटकार लगाई है।

10वीं में 65 .30 प्रतिशत तो वहीं 12वीं में 79 .19 प्रतिशत परीक्षार्थी इस साल पास हुए हैं



### स्कूलवार रिजल्ट, फेल और पूरक की समीक्षा

शिक्षा विभाग की टीम भी इस खराब रिजल्ट की समीक्षा कर रही है। स्कूलवार रिजल्ट, फेल प्रतिशत और पूरक आए विद्यार्थियों की स्थिति पर विस्तार से रिपोर्ट तैयार की जा रही है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने भी प्राचार्यों को निर्देश दिया है कि बोर्ड परीक्षा में पूरक अथवा अनुत्तीर्ण हुए सभी विद्यार्थियों से व्यक्तिगत संपर्क किया जाए। ऐसे छात्रों की सूची बनाकर उन्हें दोबारा होने वाली अवसर परीक्षा में शामिल कराकर पास कराने का लक्ष्य दिया गया है। इस विशेष कक्षाएं में छात्रों को अतिरिक्त मार्गदर्शन और विषयवार तैयारी कराने की बात कहीं गई, ताकि सभी छात्र सफल हो सकें।

### गणित, अंग्रेजी, भौतिक रसायन में खराब रिजल्ट

जिले में बोर्ड परीक्षा की समीक्षा में यह बात सामने आई है कि जिन स्कूलों का रिजल्ट 80 प्रतिशत से कम रहा है, वहां कुछ खास विषयों ने पूरा खेल बिगाड़ा है। इसमें हाईस्कूल में गणित और अंग्रेजी विषय के शिक्षकों का प्रदर्शन सबसे निराशाजनक रहा है। उक्त विषय में कई स्कूलों में इन विषयों का रिजल्ट बहुत कम रहा। इसी तरह हायर सेकेंडरी में भौतिक और रसायन जैसे विषयों में भी छात्रों का प्रदर्शन उम्मीद से बेहद कमजोर पाया गया है। गौरतलब है कि जिले में 10वीं में जहां 65.30 प्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं तो वहीं 12वीं में 79.19 प्रतिशत परीक्षार्थी पास हुए।

### समीक्षा जारी

183 स्कूलों के प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इनमें 10वीं के 139 और 12वीं के 44 स्कूल शामिल हैं। जिन विषयों में छात्र ज्यादा फेल हुए, उन विषयों के व्याख्याताओं से भी जवाब मांगा गया है। पूरे बोर्ड रिजल्ट की समीक्षा की जा रही है।

- विजय तांडे, जिला शिक्षा अधिकारी

### मिशन-90 का भी असर देखने को नहीं मिला

ध्यान रहे कि जिले में पिछले साल के मुकाबले दसवीं बोर्ड में 10 प्रतिशत और बारहवीं बोर्ड में 3 प्रतिशत कम परीक्षार्थी पास हुए हैं। इधर जिले में बोर्ड के परिणाम को बेहतर करने के लिए मिशन-90 भी चल रहा था। इसके बाद भी उसका असर फील्ड में देखने को नहीं मिला। शिक्षकों की कमी भी पास होने में बाधक बनी है। सरकारी स्कूलों में पूरा सत्र निकलने के बाद विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के पद रिक्त रहे। खासकर स्वामी आत्मानंद स्कूलों में संविदा शिक्षकों की भर्ती पिछले साल से पेडिंग है। इसलिए गणित, भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, और अंग्रेजी पढ़ाने के लिए शिक्षक नहीं थे। इसके कारण भी छात्रों को उक्त विषय की पढ़ाई करने में परेशानी हुई। अपने स्तर पर उनको पढ़कर परीक्षा देना पड़ा। इसके कारण कुछ विषयों में छात्र अनुत्तीर्ण या पूरक आए हैं।

## खबर संक्षेप

### सीएमएचओ ने निजी नसिंग होम को लिखा पत्र

**बिलासपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने समस्त निजी नर्सिंग होम, हॉस्पिटल, मेटरनिटी होम को पत्र जारी किया है। जिसमें उन्होंने टीम मानवता नया सरकंडा के अभिषेक ठाकुर के पत्र का हवाला देते हुए लेख किया है कि निजी नर्सिंग होम, हॉस्पिटल, मेटरनिटी होम में भर्ती मरीज के परिजनों को विशिष्ट ब्लड बैंक से ब्लड लाने के लिए बाध्य ना किया जाए। मरीज को उसकी सुविधानुसार मान्यता प्राप्त लायसेंसी ब्लड बैंक से ब्लड लाने पर उसे स्वीकार करने निर्देश जारी किया है।

### टिकट चेकिंग, 3.63 लाख का जुर्माना

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर रविवार को विशेष नाका टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना टिकट और अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 539 मामलों में कुल 3 लाख 63 हजार 15 रुपये का जुर्माना वसूला गया। यह अभियान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन तथा सहायक वाणिज्य प्रबंधक डी.एस. चौहान के नेतृत्व में संचालित किया गया। चेकिंग टीम ने रेलवे स्टेशन के विभिन्न प्रवेश एवं निकास द्वारों, प्लेटफॉर्मों और 20 ट्रेनों में व्यापक स्तर पर जांच अभियान चलाया। इस दौरान बिना टिकट यात्रा करने, गलत श्रेणी में सफर करने तथा बिना बुक किए सामान ले जाने वाले यात्रियों की पहचान कर कार्रवाई की गई। जांच के दौरान कुल 539 मामले दर्ज किए गए।

### हसदेव एक्सप्रेस अब रोज चलेगी

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और मांग को ध्यान में रखते हुए रायपुर-कोरबा रूट पर चलने वाली हसदेव एक्सप्रेस के संचालन में बड़ा बदलाव किया है। वहीं दूसरी ओर कम यात्री संख्या के कारण लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी)-सांतरागाछी समर स्पेशल ट्रेन के चार-चार फेरे रद्द करने का निर्णय लिया गया है। रेलवे के अनुसार वर्तमान में गाड़ी संख्या 18249/18250 रायपुर-कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस सप्ताह में चार दिन तथा गाड़ी संख्या 18251/18252 सप्ताह में तीन दिन संचालित होती है। दोनों ट्रेनों को मर्ज कर अब 1 अगस्त से 18249/18250 हसदेव एक्सप्रेस के रूप में प्रतिदिन चलाया जाएगा। ट्रेन में विभिन्न श्रेणियों के कुल 15 एलएचबी कोच लगाए जाएंगे। इससे रायपुर, बिलासपुर और कोरबा के बीच सफर करने वाले यात्रियों को रोजाना ट्रेन सुविधा उपलब्ध होगी।

### आईटीआई पचपेड़ी में प्रवेश आवेदन 15 तक

**बिलासपुर।** शासकीय आईटीआई पचपेड़ी (मस्तूरी) में सत्र अगस्त 2026 के लिए एनसीव्हीटी व्यवसाय कोपा, मैकेनिक डीजल, फिटर एवं विद्युतकार तथा एससीव्हीटी व्यवसाय सोलर टेक्नीशियन (इलेक्ट्रिकल) में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून 2026 की रात्रि 11. 59 बजे तक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी अपने निकटतम शासकीय आईटीआई से संपर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

## बिहार के दो साथियों की तलाश, कई मामलों का होगा खुलासा

# पेंड्रा के सराफा व्यापारी की हत्या में शामिल विकलांग युवक हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पेंड्रा सराफा व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर 60 लाख के जेवर लूट के मामले में जीपीएम पुलिस को अहम सुराग मिला है। बिलासपुर सीपत बिटकुला के एक विकलांग युवक खुशीराम साहू पिता जगन्नाथ राम साहू 58 साल बिटकुला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है उसके पास से लूट के चांदी के जेवर भी बरामद कर किए गए हैं। शीघ्र ही पुलिस द्वारा हत्याकांड की खुलासा करने की संभावना जताई जा रही है।

26 मई को पेंड्रा निवासी प्रदीप सोनी कोटमी सप्ताहिक बाजार में दुकान लगाकर बैठे हुए थे। शाम 7 बजे ज्वेलरी समेट कर बेग में रख लिए और अन्य सामान समेट रहे थे। इसी दौरान पल्सर बाइक से तीन नकाबपोश आए और श्री सोनी से जेवरात से भरा बेग लूटने की कोशिश करने लगे। श्री सोनी बेग पकड़कर तीनों से भीड़ गए और उनके बीच हाथा पाई शुरू हो गई। इसी दौरान नकाबपोशों ने उन पर फायरिंग कर दिया। जिससे श्री सोनी खून से लथपथ होकर गिर गए। उसके बाद नकाबपोश जेवरात से भरा बेग लूटकर बाइक से भाग गए। अस्पताल ले जाने पर श्री सोनी की मौत हो गई थी। बताया जाता है कि उनसे 60 लाख रुपए के जेवर लूटे गए थे। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर अलग अलग टीम बनाकर तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से पल्सर सवार लुटेरों की पतासाजी की जा रही थी। 31 मई को पुलिस को घटनास्थल से 8 किलो मीटर दूर जंगल में जला और बिसरा कुछ सामान मिला था। खबर है तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से पुलिस ने सीपत बिटकुला के एक विकलांग युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है विकलांग युवक ने हत्याकांड व लूट की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया है। कड़ाई बरतने पर उसने लूट के कुछ जेवर सीपत क्षेत्र में जमीन में गड़ाकर रखना बताया है। उसकी निशानदेहीं पर पुलिस ने चांदी के जेवर बरामद कर लेने की चर्चा है। बहरहाल आरोपी के पकड़े जाने की अधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

खास खबर



व्यापारी की गोली मारकर हत्या, जेवर से भरा बैग लेकर भागे तीन नकाबपोश

कोटमी साप्ताहिक बाजार में वारदात से मचा हड़कंप

जंगल में मिले सामान की मदद से आरोपियों तक पहुंचेगी पुलिस

हरिभूमि में 27 मई और 1 जून को प्रकाशित खबर।

### बिहार झारखंड से आए थे दो लुटेरे

खबर है विकलांग युवक ने सराफा व्यापारी की रैकी करने के बाद बिहार झारखंड से दो बदमाशों को बुलाया था। उसके बाद उनके साथ मिलकर हत्याकांड व लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने झारखंड बिहार में दबिश देकर फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

### सीपत खम्हरिया सराफा व्यापारी से उठाईगीरी में शामिल

खबर है कि पूछताछ के दौरान विकलांग युवक ने अपने साथियों के साथ 21 फरवरी 2026 को सीपत खम्हरिया में रमेश ज्वेलर्स के संचालक विनय सोनी से 10 किलो चांदी, 100 सोने की जेवर उठाईगीरी करना स्वीकार कर लिया है। पुलिस उससे लगातार पूछताछ करने में लगी हुई है।

### खम्हरिया में किराए से रह रहा था

संदेही विकलांग अपना घर छोड़कर अकेले खम्हरिया में किराए के मकान में रह रहा था और दिन भर घर से गायब रहता था। बताया जाता है उक्त युवक बिलासपुर व आसपास जिले में लगने वाले सप्ताहिक बाजार में जाकर सोना चांदी बेचने वालों की रैकी करता था। उसके बाद बिहार, झारखंड से अपने साथियों को बुलाकर लूट, उठाईगीरी की वारदात को अंजाम देता था। पूछताछ में कई उठाईगीरी व लूट के खुलासा होने की संभावना बताई जा रही है।




# स्वास्थ्य विभाग की 'धक्का मार' व्यवस्था, शव का बना रही तमाशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शवों को घर तक पहुंचाने के लिए सरकार ने शव वाहनों का बंदोबस्त किया है लेकिन इन वाहनों का संचालन धक्का मार तरीके से किया जाता है। कंडम हो चुके वाहनों के सहारे व्यवस्था चलाई जा रही है, लेकिन इससे परिजनों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

- 4 घंटे तक अपने बेटे के शव को ले जाने बुजुर्ग को करना पड़ा इंतजार

तस्वीर सिम्स अस्पताल के मरच्यूरी की है। जहां राजेश पटेल उम्र 60 वर्ष पिछले 4 घंटे से अपने मृत बेटे अमन पटेल के शव को ले जाने के लिए कर्मचारियों से मिन्नतें कर रहे थे। बताया गया है कि उन्होंने शव को ले जाने के लिए 1099 में कॉल लगाकर शव वाहन की मांग की थी, इसपर शव वाहन लाया गया, लेकिन बेटे के शव को कंडम वाहन में रहने के बाद वाहन चालू ही नहीं हो सकी, इसके बाद परिजन को बुलाकर धक्का लगाया गया है। करीब 2 घंटें की मशक्कत के बाद भी वाहन स्टार्ट नहीं हो सका। जिसके बाद दूसरे वाहन की व्यवस्था की गई , कंडम वाहन से शव को उतारा गया और दूसरे वाहन से शव लेकर बुजुर्ग रवाना हो सके। इस दौरान बुजुर्ग बाप की आंखों में बेटे के लिए आंसू और धक्का मार व्यवस्था के लिए शर्म दिख रही थी। एक बाप के आंखों के सामने सिस्टम की लाचारी और शव का तमाशा बनते देख किसी का भी सब्र जवाब दे सकता है।

# राजस्व अधिकारी हड़ताल पर, तहसीलों की व्यवस्था ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीतापुर विधायक द्वारा नायब तहसीलदार के साथ मारपीट के बाद विधायक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदेश भर के नायब तहसीलदार एवं तहसीलदारों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल को राज्य प्रशासनिक सेवा संघ के अलावा राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारियों ने भी खुला समर्थन दिया है। इसके चलते जिले में राजस्व से संबंधित सारे कामकाज ठप रहे। पक्षकार तहसील कार्यालयों में भटकते रहे, और अंततः अपने घरों को लौट गए।

- एडीएम-आरआई-पटवारियों का भी पूर्ण समर्थन

सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो के द्वारा नायब तहसीलदार तुषार मानिक के साथ मारपीट के बाद विधायक के खिलाफ एफआईआर तो दर्ज हो गई है, लेकिन विधायक की गिरफ्तारी के मामले ने तूल पकड़ लिया है। विरोध स्वरूप प्रदेश के नायब तहसीलदार व तहसीलदारों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शूरू कर दी है। सोमवार को इस संबंध में सचिव स्तर पर आवश्यक चर्चा हुई, लेकिन चर्चा बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई। ऐसी स्थिति में पूरा राजस्व अमले के ही अब अनिश्चिकालीन हड़ताल पर चले जाने की संभावना जाहिर की जा रही है।



जिले की सभी 12 तहसीलों में सोमवार को पक्षकारों की भीड़ लगी रही, लेकिन नायब तहसीलदार व तहसीलदारों की हड़ताल के कारण कोई भी काम नहीं हो सका। लिहाजा मायूस होकर पक्षकारों को वापस लौटना पड़ा। हालांकि सारे एसडीएम व उनके कार्यालयों में कामकाज होता रहा। इस मामले में एसडीएम द्वारा हड़ताल को खुला समर्थन दिया गया है, लेकिन घटना के विरोध में वे फिलहाल अनिश्चिकालीन हड़ताल में शामिल नहीं हुए हैं। ⏭शेष 2 पर

### ठप हुए राजस्व संबंधी ये सारे काम

राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के प्रभाव से विभाग के सारे कामकाज पूरी तरह ठप हो गए हैं। इसके अंतर्गत जाति-आमदनी, निवास, सीमांकन, बटवारा, नामांतरण, विविध जांच व डायवर्सन के दौरान आरआई रिपोर्ट का काम भी बाधित हो जाएगा। इधर बारिश को अब पंद्रह दिन ही शेष हैं, जिससे अपनी जमीन का सीमांकन चाहने वाले पक्षकारों में भी सीमांकन की जल्दीबाजी है, लेकिन राजस्व अधिकारियों की हड़ताल के कारण पक्षकारों में भी काफी मायूसी दिखाई पड़ रही है।

### मांगों को लेकर हड़ताल जारी

अपनी मांग को लेकर जिले के करीब 37 नायब तहसीलदार व तहसीलदार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे। आरआई व पटवारियों द्वारा समर्थन दिया गया है, लेकिन मंगलवार से उनके भी हड़ताल पर जाने की पूरी संभावना है। हड़ताल को राज्य प्रशासनिक संघ के अधिकारियों का भी खुला समर्थन मिल रहा है। हड़ताल से राजस्व से संबंधित सारे कामकाज पूरी तरह ठप हैं।

- ओमप्रकाश चंद्रवंशी, नायब तहसीलदार एवं मीडिया प्रभारी

## हैकिंग, पेपर लीक मामले की हुई आनलाइन मीटिंग

# सीयू प्रबंधन ने समर्थ से आईपी एड्रेस व लॉगिन आईडी की मांगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में समर्थ पोर्टल हैक होने और सेमेस्टर एग्जाम के पेपर लीक मामले में सोमवार को यूनिवर्सिटी प्रबंधन के अधिकारियों सहित फैक्ट फाईडिंग कमेटी के साथ समर्थ पोर्टल के तकनीकी अधिकारियों की आनलाइन मिटिंग हुई। इसमें यूनिवर्सिटी की ओर से समर्थ पोर्टल के अधिकारियों से आईपी एड्रेस एवं लॉगिन आईडी संबंधी जानकारी मांगी गई है।



हैक हो गया सीयू का पोर्टल, पेपर लीक की आशंका से मचा हड़कंप

हरिभूमि में 31 मई को प्रकाशित खबर।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में समर्थ पोर्टल हैकिंग और एग्जाम प्रश्न पत्र लीक मामले में यूनिवर्सिटी की ओर से रजिस्ट्रार प्रो. अश्वनी दीखित समेत फैक्ट फाईडिंग टीम के सदस्य अनुसंधान विकास प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. एससी श्रीवास्तव, प्रॉक्टर प्रो. मुकेश कुमार सिंह, एचओडी कमेस्ट्री डिपार्टमेंट प्रो. खेमचंद देवांगन, ओएसडी विकास प्रो. भारती अहिरवार, असिस्टेंट रजिस्ट्रार एग्जाम टीपी सिंह की दिल्ली से समर्थ पोर्टल के तकनीकी अधिकारियों के साथ आज आनलाइन मिटिंग हुई। इस मिटिंग में इस पूरे मामले की चर्चा हुई और यूनिवर्सिटी प्रबंधन की ओर से सारी बातों से अवगत कराया गया।

इसके साथ ही यूनिवर्सिटी प्रबंधन की ओर से समर्थ के अधिकारियों से इस मामले में आईपी एड्रेस व लॉगिन आईडी सहित इंटर्नल जानकारी मांगी गई है कि पोर्टल कहां-कहां खुला है। इसके बाद फैक्ट फाईडिंग कमेटी की जांच आगे बढ़ पाएगी और उसके बाद ही जांच कमेटी किसी निर्णय पर पहुंच पाएगी।

### यूनिवर्सिटी में एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

मामले में यूनिवर्सिटी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सोमवार को प्रशासनिक भवन में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और कुलपति के नाम रजिस्ट्रार प्रो. अश्वनी दीक्षित को ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने पोर्टल की सुरक्षा को तत्काल सुदृढ़ करने तथा इस प्रकरण में जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि डिजिटल प्लेटफार्म पर छात्रों के डेटा और परीक्षा प्रणाली की गोपनीयता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इस पर रजिस्ट्रार प्रो. अश्वनी दीक्षित ने छात्रों को जानकारी दी कि आज दिल्ली स्थित समर्थ टीम के साथ आनलाइन बैठक हो रही है उसके बाद फैक्ट फाईडिंग कमेटी पूरे मामले की विस्तृत जांच करेगी तथा दोषियों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। एबीवीपी इकाई अध्यक्ष तुषार साहू, एबीवीपी मंत्री प्रसून पाठक ने प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। इस अवसर पर एबीवीपी प्रांत सह मंत्री व विभाग संयोजक हेमांशु कौशिक, महानगर मंत्री अतिन्द्रधर दीवान, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वैष्णवी परसाई, उपाध्यक्ष पीयूष तिवारी, मोहित राय, राशि मिश्रा, नवीन मिश्रा आदि शामिल थे।



### 32 डिपार्टमेंट के गोपनीय डाक्यूमेंट्स, पेपर लीक का मामला

इस मामले में हडकंप मचा हुआ है क्योंकि स्टूडेंटस को जो पेपर मिले हैं, वे एग्जाम वाले पेपर से मिल रहे हैं, साथ ही स्टूडेंट्स के निजी डाटा लीक होने की खबर फैल गई। इसके बाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रशासन संबंधित विभागों के प्रमुख अधिकारियों की मीटिंग बुलाकर मामले में जांच के लिए पांच सदस्यीय फैक्ट फाइडिंग कमेटी गठित कर दी है और कमेटी को सात दिवस के अंदर रिपोर्ट सौंपने कहा है। समर्थ पोर्टल हैक होने से एग्जाम समेत 32 डिपार्टमेंट के प्रश्न पत्र अन्य गोपनीय डाक्यूमेंट एवं प्रशासनिक कामकाज से जुड़ा डाटा लीक होने की बात कही जा रही है। क्योंकि समर्थ पोर्टल का इस्तेमाल एडमिशन प्रोसेस, परीक्षा प्रबंधन, स्टूडेंट्स के डाक्यूमेंट, प्रशासनिक रिकार्ड, शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों के लिए किया जाता है। ऐसे में यदि डेटा सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक होती है तो हजारों स्टूडेंट्स की निजी जानकारी प्रभावित हो सकती है।

### जानकारी मांगी गई

सेंट्रल यूनिवर्सिटी में समर्थ पोर्टल हैकिंग मामले में आज यूनिवर्सिटी की फैक्ट फाईडिंग कमेटी जांच के लिए बैठी थी। यूनिवर्सिटी और दिल्ली के समर्थ के तकनीकी अधिकारियों की आनलाइन मिटिंग भी हुई है, जिसमें यूनिवर्सिटी ने समर्थ की टीम से कुछ इंटर्नल जानकारी मांगी है।

- प्रो. मनीष श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी, सीयू

## खबर संक्षेप

### सीसीएफ आफिस से सेवानिवृत्त गंगोत्री को विदाई



**बिलासपुर।** सिंधी कालोनी स्थित मुख्य वन संरक्षक कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गंगोत्री बाई अपनी अर्ध वार्षिक आयु पूरी कर 29 मई को सेवानिवृत्त हो गई। साथ कर्मचारियों ने विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें भाव भीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर मुख्य वनसंरक्षक मनोज पाण्डेय की अनुपस्थिति में एसडीओ संचित शर्मा ने विभाग की ओर से गंगोत्री बाई राजूपत का स्वागत करते हुए आवश्यक उपहार भेंट कर उन्हें विदाई दी। इस दौरान उन्होंने उनके कार्यकाल की जमकर तारीफ की। वहीं अनूप श्रीवास्तव, अशोक खाखा, विनोद ध्रुव, दीप प्रकाश साहू, मीणामिश्रा, पुष्पा लदेर, मोनिका तिवारी, नीलिमा पांडे, किरण केवट, आकृति दुबे, मधु शर्मा, दिनेश कुमार मार्को, अशोक वस्त्रकर सहित साथियों ने भी उनके साथ बिताए पल का स्मरण कर उन्हें यादगर पल बताया। सेवानिवृत्त कर्मचारी के आंखों से आंसू व खुशी का यह पल देखते हुए बन रहा था। सभी साथियों ने उन्हें विदाई दी। उनके सेवानिवृत्त पर उनके परिवार के सदस्य भी शामिल हुए।

### माँ शाकम्भरी युवा विकास समिति की नई कार्यकारिणी का गठन



**बिलासपुर।** हरदिहा मरार पटेल समाज की सामाजिक एवं युवा संगठन इकाई माँ शाकम्भरी युवा विकास समिति, बिलासपुर क्षेत्र (अरपा केंद्र) की नवीन कार्यकारिणी का गठन शनिवार को पटेल भवन मंगला में संपन्न हुआ। यह गठन वरिष्ठ समाजसेवी महेश पटेल, भुवनेश्वर पटेल एवं डॉ. रवि पटेल पार्षद रमेश पटेल की उपस्थिति में किया गया। बैठक की शुरुआत माँ शाकम्भरी के पूजन एवं समाज के वरिष्ठजनों के स्वागत के साथ हुई। इस अवसर पर समाज के संगठनात्मक विकास, युवाओं की सहभागिता तथा सामाजिक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। नवगठित समिति में ओंकार पटेल, सूर्या पटेल एवं डॉ. रवि पटेल को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं संदीप पटेल को अध्यक्ष, श्यामू पटेल एवं मोहित पटेल को उपाध्यक्ष, विकास कुमार पटेल को सचिव, सुरेश पटेल को सह-सचिव तथा गोविंद पटेल को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर संरक्षक सूर्या पटेल ने कहा कि समाज के युवाओं में अपार ऊर्जा और क्षमता है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समिति की ओर से बधाई दी गई। सभी सदस्यों ने सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वहन करने एवं समाज के विकास और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। सभी सदस्यों ने अंत में सभी आभार व्यक्त किया।

## पृष्ठ 1 का शेष..

### राजस्व अधिकारी हड़ताल पर..

**मंगलवार से 367 राजस्व अधिकारी-कर्मचारियों की हड़ताल संभव :** सोमवार तक अनिश्चिकालीन हड़ताल पर जाने वालों में नायब तहसीलदार व तहसीलदारों को मिलाकर करीब 37 राजस्व अधिकारी शामिल थे। उक्त हड़ताल को पटवारी व राजस्व निरीक्षकों का भी समर्थन था। इधर प्राप्त सूचना के अनुसार मंगलवार से जिले के सारे पटवारी व आरआई भी अनिश्चिकालीन हड़ताल में शामिल होने जा रहे हैं। अगर ऐसा हुआ तो जिले के 60 राजस्व निरीक्षक एवं 270 पटवारी भी अपने कार्यालयों में नजर नहीं आएंगे। इतना ही नहीं, बल्कि प्रोटोकॉल व डायवर्सन शाखा में पदस्थ आरआई भी हड़ताल में शामिल रहेंगे।

**इन्होंने दिया समर्थन :** वैसे तो हड़ताल पर नायब तहसीलदार व तहसीलदार ही हैं, लेकिन इनकी हड़ताल को राज्य प्रशासनिक सेवा संघ के अधिकारियों, लिपिक संघ, छात्रावास अधीक्षक संघ एवं अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन का भी समर्थन मिल चुका है।

---

**स्टाफ की भर्ती के लिए प्रस्ताव तैयार** | **प्रथम वर्ष के 80 बच्चे ले सकेंगे एडमिशन**

# जागी उम्मीद, 10 सालों के बाद वेटनरी कालेज में होगा एडमिशन

**बिलासपुर।** राज्य के दूसरे पशुपालन महाविद्यालय में 10 सालों के बाद छात्रों की भर्ती प्रक्रिया की उम्मीद जागी है। वेटनरी काउंसिल आफ इंडिया यानी वीसीआई से लेटर ऑफ परमिशन मिल चुका है। इस बार नीट कांउसिलिंग के बाद कोनी स्थित वेटनरी कालेज में 80 सीटों के तहत प्रथम वर्ष के लिए एडमिशन शुरू हो सकेगा।

साल 2016 से जिले में पशु चिकित्सा कालेज बंद है, स्टाफ की कमी और स्वयं का भवन नहीं होने के कारण बंद किए गए कालेज के बाद महज प्रदेश में दुर्ग अंजोरा कालेज में ही पशुपालन चिकित्सा व महाविद्यालय चलाया जा रहा था, जहां बिलासपुर की सीटें भी रखी गई थी। इससे बिलासपुर, अंबिकापुर, कोरबा, रायगढ़ समेत अन्य जिलों के छात्रों को दुर्ग जाने की परेशानी उठानी पड़ती है, लेकिन इस साल से बिलासपुर में भी राज्य का दूसरा वेटनरी कालेज खुलेगा, जहां 80 सीटों पर एडमिशन होना तय है। बताया जा रहा है कि 80 सीटों में 12 सीट वीसीआई कोटे के लिए आरक्षित रहेगी। वहीं प्रदेश के बच्चों को 68 सीटों में एडमिशन लेना होगा।

कालेज के लिए विश्वविद्यालय प्रबंधन ने 50 से अधिक एकेडमिक स्टाफ की भर्ती की थी, लेकिन मान्यता नहीं होने के कारण सभी को दुर्ग अंजोरा में अटैच कर दिया गया था लेकिन अब सभी को बिलासपुर भेजा जा रहा है। वर्तमान में कुछ टीचिंग स्टाफ जिसमें प्रथम व द्वितीय वर्ष के स्टूडेंट के लिए भर्ती की जानी है, वहीं अस्पताल व फार्म के लिए भी कालेज को स्टाफ की जरूरत है। जिसके लिए प्रबंधन ने प्रस्ताव बना लिया है। कुछ ही महीनों में स्टाफ भर्ती होगी।



**2016 से बंद था कालेज**

साल 2016 में 30 सीटों से शुरू की गई कालेज में अधोसंरचना और स्टाफ की कमी के चलते वेटनरी कॉसिल ऑफ इंडिया के द्वारा 2017 में मान्यता रद्द कर छात्रों को राज्य के एकलौते कालेज दुर्ग में स्थानतंरित कर दिया गया था, तब से अब तक कालेज शुरू करने की प्रक्रिया कागजों में ही थी, लेकिन नए डीन के आने के बाद पशु पालन और पशु चिकित्सा में पढ़ाई करने वाले छात्रों का सपना दूर होने वाला है।

### प्रशासनिक भवन, लाइब्रेरी बनकर तैयार

साल 2017 से ही कालेज के लिए बिल्डिंग बनाई जा रही है। इसके लिए राज्य सरकार ने 28 करोड़ 14 लाख रूपए की स्वीक़ृति दी है। साल 2021 से 2024 के बीच निर्माण कार्य बंद रहा है, ऐसे में कालेज खोलने में देरी हुई है। पिछले साल ही निर्माण कार्य में तेजी आई है और अब गर्ल्स, बॉयस हास्टल, प्रशासनिक भवन, लाइबेरी, कक्षाएं बनकर तैयार हो चुकी है। स्टाफ क्वार्टर, आडिटोरियम, मुख्य भवन, प्रशासनिक भवन, क्लीनिकल कॉम्पलेक्स में बिजली और अन्य कार्य जारी है। 12 शैक्षणिक कक्षाओं के साथ ही 17 अन्य विभाग खोले जाएंगे।

### कमियां होंगी पूरी

मान्यता मिलने के बाद प्रक्रियाएं तेजी से पूरी की जा रही है। स्टाफ की कमी है इसके लिए प्रस्ताव तैयार है। इस साल नीट क परीक्षा में विलंब हो रहा है, जाहिर है कि एडमिशन भी विलंब होगा, तब तक सभी कमियों को पूरा कर लिया जाएगा।

**-डा धीरेन्द्र भोसले,** प्राचार्य, वेटनरी कालेज

---

शिकायत के बाद तकनीकी जांच कराने के बजाय सिर्फ लीपापोती की जा रही

# 28 लाख में बनी सरकारी स्कूल की बिल्डिंग 11 महीने में ही दरकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- तखतपुर के वार्ड क्रमांक 12 के सरकारी स्कूल का मामला

तखतपुर के वार्ड क्रमांक 12 में 28 लाख में बनी सरकारी स्कूल की बिल्डिंग 11 महीने में ही दरकने लगीं हैं। चार कक्षों वाला विद्यालय भवन निर्माण के महज कुछ महीनों बाद ही बड़ी बड़ी दरारें दिखने लगीं हैं।

भवन की दीवारों और संरचना में आई बड़ी-बड़ी दरारों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, निगरानी व्यवस्था और सरकारी धन के उपयोग पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इसकी शिकायत भी जनदर्शन में हुई। इसके बाद आनन-फानन में भवन में पड़ी दरारों को भरने तथा मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि तकनीकी जांच कराने के बजाय केवल लीपापोती कर मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। गौरतलब है कि यह मामला हाल ही में आयोजित सुशासन तिहार के दौरान भी इस भ्रष्ट और जर्जर बिल्डिंग बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल के संज्ञान में भी लाया गया था। शिकायतकर्ताओं ने भवन की जर्जर स्थिति को बच्चों की सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए कलेक्टर से पूरे निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी। कलेक्टर ने भी नाराजगी जाहिर करते हुए सीएमओ को जांच के सख्त निर्देश जारी किए थे लेकिन उसके बाद भी अधिकारी गंभीर नहीं हुए।






### ठेकेदार के खिलाफ पहले भी शिकायत

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस स्कूल भवन का निर्माण केजीएन कंस्ट्रक्शन द्वारा किया गया है। इसमें लापरवाही बरती गई और गुणवत्ताहीन काम किए गए। इससे पहले भी इसी ठेका कंपनी ने काम किया है जिसमें शिकायतें मिली हैं। इसमें पचरैहा नाला, नाली निर्माण, सड़क निर्माण और गौरव पथ जैसे कार्य शामिल हैं। इन कार्यों में भी गुणवत्ता को लेकर लगातार शिकायतें सामने आती रही हैं। गौरव पथ निर्माण में ग्रिल गायब होने और मानक से हल्का निर्माण किए जाने के गंभीर आरोप भी लगाए जा रहे हैं। हालांकि सरकारी स्कूल में आई दरारों के लिए निर्माण कार्य के दौरान पानी की कमी और जमीन के बैठने के कारण आई दरारों को जिम्मेदार बता कर अपना पल्ला झाड़ा जा रहा है।

# 3 साल पहले बने यूटीएस काउंटर और एफओबी को तोड़ा

**बिलासपुर।** तीन साल पहले करीब पांच करोड़ रुपए की लागत से रेल प्रशासन ने चुचुहियापारा की ओर जिस यूटीएस काउंटर की बिल्डिंग और आने जाने के लिए एफओबी रैंप सहित बनाने का कार्य किया था। वर्तमान में एफओबी और यूटीएस काउंटर की बिल्डिंग को तोड़ दिया गया है।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन के दूसरे छोर पर चुचुहियापारा की ओर रहने वाले लोगों को रेल प्रशासन से किसी तरह की सुविधा नहीं मिल पा रही थी। इसके कारण लोगों को ट्रेन में सफर करने के लिए टिकिट की खरीदी करने के लिए लाइन पार कर आना पड़ रहा था। लोग प्लेटफार्म नम्बर 4-5 से एफओबी या फिर लाइन पार करते हुए एक नम्बर प्लेटफार्म तक पहुंचते थे, जिसमें कई बार टीटीई और आरपीएफ की कार्रवाई का सामना करना पड़ता था। चुचुहियापारा की ओर आरक्षण और अनारक्षित काउंटर के साथ अन्य सुविधाएं देने की मांग रेल प्रशासन के सामने की। मांग करने के उपरांत चार साल पहले जोनल और डिवीजन के अफसरों ने काउंटर व अन्य कार्यों को करने के लिए बजट बनाकर स्वीकृति के लिए रेलवे बोर्ड के पास भेजा था। रेलवे बोर्ड ने एक साल बाद डिवीजन रेलवे बिलासपुर को काउंटर व अन्य व्यवस्था के लिए राशि स्वीकृति की अनुमति प्रदान कर दी। चुचुहियापारा की ओर गजरा चौक के पास जनरल टिकिट काउंटर जिसमें दो खिड़की के साथ लोगों के एक छोर से दूसरे छोर की ओर आने-जाने के लिए फुट ओवरब्रिज रैप व सीढ़ी सहित व अन्य कार्य किया।

### तोड़ दिया गया है एफओबी

स्टेशन डेवलपमेंट के कार्य में दूसरे छोर पर भी नई बिल्डिंग के साथ प्लेटफार्म व अन्य कार्य किए जाएंगे। इसके लिए सर्वे भी किया गया है, जिसमें वर्तमान में संचालित टिकिट काउंटर की बिल्डिंग और एफओबी के रैंप को संभवतः तोड़ दिया गया है। इस बिल्डिंग को तोड़ने के बाद उसे पास ही शिफ्टिंग कार्य किए जाएंगे।

-अनुराग कुमार सिंह
सीनियर डीसीएम,
रेल मंडल बिलासपुर



# आधुनिकता में बुझ रहा कुलियों के घरों का चूल्हा

**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन पर आधुनिकीकरण और नई ठेकेदारी व्यवस्था ने सालों से यात्रियों की सेवा में लगे कुलियों को भुखमरी के कगार पर ला खड़ा किया है। रेलवे स्टेशन पर एक तरफ जहां यात्रियों की सुविधा के लिए नई तकनीके आ रही हैं वहीं दूसरी तरफ इन बंदोबस्तों ने जमीनी स्तर पर काम करने वाले कुलियों का रोजगार पूरी तरह छीन लिया। स्टेशन पर कुलियों के पास दिनभर में एक-दो फेरों का काम मिलना भी मुश्किल हो चुका है,जिससे उनके सामने परिवार पालने की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है।

स्टेशन के विकास और यात्रियों की सहूलियत के लिए प्लेटफार्मों पर लिफ्ट और स्वचालित सीढ़ियां और ई चालक जैसे आधुनिक सुविधाएं शुरू की गई है। इन तकनीकी बदलावों का सबसे सीधा असर कुलियों के काम पर पड़ा है। अब स्टेशन आने वाले यात्री भारी सामान होने पर कुलियों की मदद लेने के बजाय खुद ही लिफ्ट या एक्सलेटर से प्लेटफार्म तक पहुंच जाते हैं। काम न मिलने की वजह से स्टेशन पर कुलियों का समूह खाली बैठा रहता है। इस सबंध में कुली का काम करने वाले जय का कहना है कि अब बेहद मुश्किल से अपना घर चला पा रहे है। काम पूरी तरह ठप होने के कारण मेरे सारे साथी सुबह से शाम तक स्टेशन पर बैठने को मजबूर हैं।

### पैकेजिंग के टेंडर ने छीना रोजगार

पहले कुलियों की कमाई का बहुत बड़ा जरिया दो-पहिया वाहनों की पैकेजिंग और पार्सल लोडिंग हुआ करता था। यात्री जब पार्सल काउंटर पर वाहन की बुकिंग कराने जाते थे तो कुली ही उसकी सुरक्षित पैकेजिंग करते थे। इसके बदले कुली यात्रियों से 200 से 300 रूपया लिया करते थे जिससे उनका अच्छा खासा खर्च निकल जाता था। अब रेलवे पार्सल की पैकेजिंग को पूरी तरह निजी ठेकेदारों के हवाले कर टेंडर सिस्टम कर दिया है। इस नई व्यवस्था से अब वही पैकेजिंग 550 रूपए में की जा रही है। यानी ठेकेदारी प्रथा लागू होने के बाद यात्रियों की जेब पर दोगुना आर्थिक बोझ बढ़ गया है वही दूसरी तरफ कुलियों के हाथ से यह पैकेजिंग का पारंपरिक रोजगार भी हमेशा के लिए छीन लिया गया है।

### गर्मी में ट्रेनें कैंसिल होने से बढ़ी आफत

रेलवे द्वारा कुछ गाडियों को कैंसिल किए जाने से इस गर्मी के सीजन में जब यात्रियों की संख्या बढ़ने से अच्छी कमाई की उम्मीद थी तब मुख्य रूट की ट्रेने कैंसिल होने से स्टेशन पर सन्नाटा पसरा हुआ है।पार्सल का काम अब पूरी तरह से ठेकेदारों के कर्मचारियों के पास चला गया है जिसके चलते कुलियों पार्सल लोडिग-अनलोंडिग का काम नहीं मिल रहा है। कुली संदीप मनहार ने अपना दर्द बताते हुए बताया कि हालात इतने बदतर हो चुके है कि कई दिन तो हमें बिना एक रूपया की कमाई किए ही खाली हाथ ही घर वापिस जाना पड़ता है। संकट के इस दौर में हमे सरकार और रेलवे प्रशासन की ओर से कोई मदद नहीं मिल रही है।

### लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई

**बिलासपुर।** गडरिया ढेंगर समाज ने अशोक नगर में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई। रमेश पाल के निवास पर आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गडरिया ढेंगर समाज के नारायण प्रसाद पाली थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज धनगर, विशिष्ट अतिथि विदेशी राम धनगर, अजय पाली रहे। मुख्य अतिथि नारायण प्रसाद पाली ने बताया कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर अपने समय में सबके हितों के लिए काम करती थी। सभा को विदेशी धनगर, अनिल कुमार पाली, एवं मनोज धनगर ने भी संबोधित किया। अजय पाली ने आभार व्यक्त किया और संचालन अनिल पाली ने किया। इस अवसर पर अधिवक्ता राजकुमार पाली, रामकुमार पाली, अजय पाली, खेलू धनगर, मनीष धनगर, गोविंदा पाली आदि उपस्थित रहे।

## एजुकेशन प्लस

# समर हॉली डे का समापन, स्वर्णिमा एरा का फाइनल संडे इवेंट बना यादगार



**बिलासपुर।** बहतराई रोड स्थित स्वर्णिमा एरा टाउनशिप में आयोजित समर हॉली डे स्पेशल का समापन फाइनल संडे इवेंट के साथ हुआ। "मस्ती, मुस्कान और खुशनुमा पलों से भरी शाम" थीम पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम ने बच्चों और परिवारों को भरपूर मनोरंजन, उत्साह और यादगार अनुभव प्रदान किए।

पूरे समर हॉली-डे के दौरान बच्चों के लिए विभिन्न रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया था, जिसका समापन रविवार शाम आयोजित इस विशेष कार्यक्रम के साथ हुआ। कार्यक्रम में बॉल हिट ग्लास, फेस द कूकी और बलून सिट एंड पॉप जैसी मजेदार प्रतियोगिताओं ने सभी का खूब मनोरंजन किया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। टाउनशिप के रहवासियों ने परिवार सहित कार्यक्रम में सहभागिता की। बच्चों की खिलखिलाहट, अभिभावकों का उत्साहवर्धन और सामुदायिक वातावरण ने पूरे आयोजन को जीवंत बना दिया। सभी लोगों ने खेल, मनोरंजन और आपसी मेलजोल का भरपूर आनंद लिया।

स्वर्णिमा एरा प्रबंधन ने बताया कि समर हॉलीडे के दौरान आयोजित गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों को सीखने, खेलने और सामाजिक सहभागिता का अवसर प्रदान करना था। फाइनल इवेंट में मिली शानदार सहभागिता ने इस पहल को और अधिक सफल बना दिया। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। रविवार शाम 6 बजे से प्रारंभ हुआ यह आयोजन देर शाम तक चलता रहा। यह फाइनल इवेंट न केवल समर हॉली डे का सफल समापन बना, बल्कि स्वर्णिमा एरा के सामुदायिक जीवन की खूबसूरत झलक भी प्रस्तुत कर गया।

# जेईई एडवांस 2026 में आचार्य की आध्या बनी टॉपर










**बिलासपुर।** देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस 2026 में आचार्य इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया अध्याय लिखा है। संस्थान की छात्रा आध्या गुप्ता ने एआईआर 1518 सीआरएल रैंक 6727 प्राप्त कर आचार्य इंस्टीट्यूट की टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। संस्थान के अन्य मेधावी विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट रैंक हासिल कर आचार्य इंस्टीटयूट का नाम पूरे क्षेत्र में गौरवान्वित किया है। इसमें अध्या गुप्ता एआईआर 1518 सीआरएल रैंक 6727, हर्षित कुमार सिंग एआईआर 11507, प्रसन्न अग्रवाल एआईआर 15371, नैतिक चंदवानी एआईआर 17114, धारिया ओझा एआईआर 19089, आलिया असलम एआईआर 19311, उत्कर्ष अवस्थी एआईआर 23859 व प्रकाश अग्रवाल एआईआर 25821 रैंक प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर संस्था के डायरेक्टर संदीप द्विवेदी ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों के विश्वास और संस्थान की उत्कृष्ट शैक्षणिक व्यवस्था का प्रमाण है। उन्होंने विशेष रूप से अध्या गुप्ता की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि जेईई मेन के बाद जेईई एडवांस में भी शानदार प्रदर्शन कर उन्होंने संस्थान का गौरव बढ़ाया है तथा आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा प्रस्तुत की है।


## पुण्य स्मरण



**स्व. पं. भागवत प्रसाद दुबे**

स्वर्गारोहण 2 जून 2007

आपकी स्नेहपूर्ण स्मृति हमारे पथ प्रदर्शक एवं आपका आशीर्वाद
हमारे प्रेरणास्त्रोत, हमारे पितृ पुरुष के निर्वाण दिवस पर भावपूर्ण नमन्

श्रद्धानवत्

संजय दुबे - श्रीमती श्रद्धा दुबे | श्रीमती गीता पाण्डेय
सत्यप्रकाश चतुर्वेदी - श्रीमती वंदना चतुर्वेदी
हर्ष मिश्रा - श्रीमती रंजना मिश्रा | रवि चतुर्वेदी - श्रीमती अंजली चतुर्वेदी
सक्षम चतुर्वेदी - पुनर्वा चतुर्वेदी, शुभम, आमना, तान्या, अंशज, आर्यन, श्रेया, अमन, कबीर

एवं समस्त दुबे परिवार, बिलासपुर

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, मंगलवार 2 जून 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




संकल्प

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर निकाली गई नशा मुक्ति रैली




**बिलासपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार गायत्री शक्तिपीठ विनोबा नगर के तत्वावधान में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर ग्राम लोफंदी में नशा मुक्ति रैली निकाली गई। इस दौरान ग्रामीणों ने नशा छोड़ने का संकल्प लिया। रैली का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और एक स्वस्थ समाज का निर्माण करना रहा। इस महत्वपूर्ण अभियान में दीया संस्था के बिलासपुर जिला समन्वयक, ब्लॉक समन्वयक और बिल्हा ब्लॉक के सक्रिय सदस्यों व कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर और रैली के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इस जागरूकता का असर भी देखने को मिला। लोग मौके पर ही नशा छोड़ने के संकल्प लिए। ग्राम की दो बहनों ने हमेशा के लिए गुड़ाखू छोड़ने का संकल्प लिया एवं अपने गुड़ाखू के डिब्बे स्वेच्छा से टीम को सौंप दिए। एक ग्रामीण भाई ने जीवन में कभी भी तंबाकू और शराब का सेवन न करने की प्रतिज्ञा की। समाज को नई दिशा देते हुए एक अन्य युवक ने भी गुटखा छोड़ने का दृढ़ संकल्प लिया। आयोजन समिति ने संकल्प लेने वाले सभी ग्रामीणों की सराहना की और उम्मीद जताई कि भविष्य में पूरा गांव नशा मुक्त होकर एक मिसाल पेश करेगा।

कार्यक्रम

## रोटरी द्वारा स्वच्छता जागरूकता सैनिटरी नैपकिन का वितरण



**बिलासपुर।** रोटरी क्लब द्वारा रोटरी भवन सीएमडी चौक स्थित रोजमेरी हॉल में मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनः उपयोग योग्य सैनिटरी नैपकिन का निःशुल्क वितरण आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष रोटेरियन शैलजा शुक्ला ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सीएमचओं डॉ शुभा गढ़ेवाल उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता एम एस विनीता पटेल, संस्था आरगु की संस्थापक, ने मासिक धर्म स्वास्थ्य, जेंडर समानता और महिला सशक्तिकरण पर विस्तार से जानकारी दी। विनीता अब तक 10 हजार से अधिक किशोरियों तथा 500 से अधिक किशोरों एवं पुरुषों को जागरूक कर चुकी हैं। कार्यक्रम में विशेष रूप से 50 मितानिनों को पुनः उपयोग योग्य सैनिटरी नैपकिन निःशुल्क वितरित किए गए, ताकि वे अपने कार्यक्षेत्र में महिलाओं तक स्वच्छता की जानकारी और साधन पहुँचा सकें। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन शैलजा शुक्ला ने कहा कि यह पहल रोटरी के मूलमंत्र को चरितार्थ करती है। सचिव रोटेरियन कृतिका मोदी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को तोड़ना और लड़कियों को शिक्षा एवं स्वास्थ्य के अधिकार से जोड़ना है। रोटरी क्लब निरंतर ऐसे सेवा कार्यों के माध्यम से समुदाय को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में रोटेरियन किरण सिंह जी, इलेक्ट प्रेसिडेंट रोटेरियन अमित चक्रवर्ती जी, कार्यक्रम की जानकारी पूर्व सचिव रोटेरियन चंचल सलूजा जी, ने दी।

आयोजन

## विश्व साइकिल दिवस कल निकलेगी जनजागरुकता रैली

**बिलासपुर।** हरिहर ऑक्सीजोन, डॉ सीवी रमन विश्व विद्यालय सहित विभिन्न संस्थाओं द्वारा साइकिल चलाने के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं स्वस्थ व पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विश्व साइकिल दिवस पर 3 जून को जनजागरुकता रैली निकाली जाएगी। इसमें दिव्यांगजन भी अपनी सहभागिता देंगे। साइकिल रैली के दौरान स्वास्थ्य जागरूकता अभियान एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी संदेशों का प्रचार किया जाएगा। विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को नियमित रूप से साइकिल के उपयोग के लाभों के बारे में जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को शारीरिक रूप से सक्रिय रहने, प्रदूषण कम करने तथा ईंधन की बचत के प्रति प्रेरित करना है। साइकिल एक सरल, सुलभ एवं पर्यावरण हितैषी परिवहन साधन है, जो व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण दोनों के लिए लाभकारी है। इस आयोजन में जिले के सभी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, निगम, स्मार्ट सिटी के पदाधिकारी, कुलपति के अलावा विभिन्न कालेज के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहेगी। इस बार साइकिल रैली में दिव्यांग छात्र-छात्राओं की भी विशेष रूप से बड़ी संख्या में उपस्थिति होगी।



### गुजरेगी इन मार्गो से होकर

साइकिल रैली 3 जून को प्रातः साढ़े 6 बजे नेहरू चौक से प्रारंभ होकर राजेंद्र नगर चौक, सत्यम चौक, अग्रसेन चौक, सीएमडी चौक, तारबाहर, टैगोर चौक, पुराना हाई कोर्ट मार्ग, गांधी चौक, गोल बाजार, सदर बाजार मुख्य मार्ग से देवकीनंदन चौक होते हुए सिम्स के पीछे चौपाटी में एक आमसभा आयोजित की जाएगी। जिसमें खेल जगत की विशिष्ट हस्तियों, दिव्यांगजनों में अचीवमेंट वाले प्रतिभावान सदस्यों का सम्मान किया जाएगा।




# गांवों की बेटियों के सपनों को मिल रही नई उड़ान

## एनटीपीसी सीपत के प्रशिक्षण अभियान जेम के जरिए निखर रही हैं बाल प्रतिभाएं

सीपत एनटीपीसी परियोजना के प्रभावित गांवों की नन्हीं बेटियाँ अनेक सपने लेकर पहुँची हैं। सीएसआर के तहत गर्ल एम्पावरमेंट मिशन जेम उनके सपनों को साकार करने का अनुकूल माहौल दे रहा है। बालिका सशक्तिकरण अभियान एक प्रेरणादायी पहल है, जो ग्रामीण अंचल की बेटियों के जीवन में आशा, आत्मविश्वास का संचार कर रहा है। वर्ष 2019 से एनटीपीसी सीपत में संचालित इस प्रशिक्षण से अब तक 525 से अधिक बालिकाएँ लाभान्वित हो चुकी हैं और इस वर्ष 125 बालिकाएँ अपने जीवन की नई दिशा तलाश रही हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक माह के इस आवासीय प्रशिक्षण शिविर में बेटियाँ केवल किताबों का ज्ञान ही नहीं बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और जीवन जीने की कला भी सीख रहीं हैं। कंप्यूटर शिक्षा, संवाद कौशल, आत्मरक्षा से लेकर योग, खेलकूद से लेकर संगीत और कला तक—हर गतिविधि उनके व्यक्तित्व को निखारने का माध्यम बन रही है।

यहाँ हर सुबह नए उत्साह के साथ शुरू होती है और हर दिन कुछ नया सीखने का अवसर लेकर आता है। कभी रंगों से सपनों को आकार मिलता है, तो कभी गीत-संगीत में प्रतिभाएँ झलकती हैं। कभी खेल के मैदान में आत्मविश्वास दौड़ता है, तो कभी मंच पर खड़ी एक बालिका पूरे विश्वास के साथ अपने विचार व्यक्त करती दिखाई देती है। बालिकाएँ उन महिलाओं से रूबरू होती हैं जिन्होंने अपने संघर्ष और परिश्रम से सफलता की ऊँचाइयाँ हासिल की हैं। प्रशासनिक अधिकारी, चिकित्सक, शिक्षिकाएँ, बैंक अधिकारी, समाजसेवी और तकनीकी विशेषज्ञ उनसे संवाद करते हैं। हाल ही में आईपीएस अधिकारी अंशिका जैन ने भी बालिकाओं के साथ अपने अनुभव साझा कर उन्हें बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का साहस दिया।

कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक, कठपुतली कला, अंतरिक्ष विज्ञान, अग्नि सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जैसे विषयों पर रोचक गतिविधियाँ आयोजित की जा रहीं हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से बालिकाएँ सीखती हैं कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि जीवन के हर अनुभव में छिपी होती है।

इस अभियान की एक विशेष उपलब्धि यह भी है कि हर वर्ष चयनित 10 मेधावी बालिकाओं को बाल भारती पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी सीपत में कक्षा 6 से 12 तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। यह सहयोग केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि उन सपनों में विश्वास का प्रतीक है जो किसी बेटी की आँखों में चमकते हैं।

संगवारी महिला समिति, प्रशिक्षकों और एनटीपीसी परिवार का आत्मीय सहयोग इस अभियान को और भी विशेष बनाता है। इन बालिकाओं को यहाँ केवल प्रशिक्षण नहीं मिलता, बल्कि एक परिवार, अपनापन और प्रोत्साहन भी मिलता है, जो उनके भीतर आत्मविश्वास का दीप प्रज्वलित करता है।

### मुंबई में शहर के कलाकार ने की शिरकत

## सेमिनार में रायगढ़ घराने के कथक की प्रस्तुति

लयांगीकम फाउंडेशन ने मुंबई में कथक के विषयों एवं घरानों पर आधारित एक सेमिनार का आयोजन किया। जिसमें पदमश्री पं. रामलाल के साथ उनके सुपुत्र गुरु भूपेंद्र बरेठ ने रायगढ़ घराने के कथक नृत्य को अपने प्रदर्शन एवं व्याख्यान द्वारा प्रदर्शित किया।



**बिलासपुर।** कथक नृत्य आचार्य पदमश्री पं. रामलाल ने अपनी कला यात्रा का अनुभव सबके समक्ष रखा तथा उनके सुपुत्र गुरु भूपेंद्र बरेठ ने रायगढ़ कथक घराने की विशेषता उपोदघात, परने, धवन्यात्मक, चित्रात्मक, काव्यात्मक एवं लयात्मक बंदिशों का सैद्धांतिक एवं क्रियात्मक प्रदर्शन कर कथक घराने के कथक नृत्य से लोगों को रूबरू कराया।

इस कार्यक्रम में जयपुर घराने के प्रख्यात कथक नृत्याचार्य पं. राजेंद्र गंगानी, बिरजू महाराज की सुपुत्री ममता महाराज, सितारा देवी की पुत्री जयंती माला, जयपुर घराने की प्रख्यात नृत्यांगना कुमकुम धर, प्रेरणा श्रीमाली, चेतन व्यवहार पद्मश्री गीता चंद्रन, नंदकिशोर कपोते सहित भारत के कई राज्यों से आए विद्यार्थी उपस्थित थे।

## नाटक ने सामाजिक सरोकारों को मंच पर किया जीवंत

### हिंदी नाटक मैं अनिकेत हूं.. का कलाकारों ने किया मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स सभागार में हिंदी नाटक मैं अनिकेत हूं..का मंचन किया गया। प्रसिद्ध रंगकर्मी शशि वरवंडकर के कुशल निर्देशन में तैयार इस नाटक ने संवेदनाओं और गहरे सामाजिक सरोकारों को मंच पर बेहद संवेदनशील ढंग से जीवंत किया।

जीआई हेल्थ फाउंडेशन, संस्कार भारती, श्री हेरिटेज एवं ऑल रोटरी क्लब्स ऑफ बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस आयोजन में भारद्वाज वकील के डायलॉग 'ये आरोपी बदमाश तो है ही, साथ ही एक चतुर अभिनेता भी है। इसका ये दिखावे का मायूस चेहरा और दर्द भरी गाथा सुनाने की कला किसी के भी दिल को पिघलाने के लिए काफी है और कोई भी इसकी बातों पर विश्वास कर इस पर दया कर सकता है, से नाटक मैं अनिकेत हूं शुरू हुआ। अनिकेत की केंद्रीय भूमिका में नाटक के निर्देशक शशि वरवंडकर न कमाल का अभिनय किया। अनिकेत की पत्नी की भूमिका में डॉ अनुराधा दुबे एवं डॉ गजानन ब्रह्मानंद शिरोड़कर के दमदार किरदार में आचार्य रंजन मोड़क रहे। मुनीम गंगाधर जोशी के रूप में प्रकाश खांडेकर, जज दिलीप लांबे, डॉ सुधा गुप्ता के रोल में डॉ प्रीता लाल, घरेलू नौकर धर्मा रविंद्र ठेंगडी, आनंद चौधरी के रूप में विनोद राखुंडे अपनी छाप छोड़ने में सफल रहे। सावित्री शशिकांत जाधव की भूमिका में भारती पलोसकर लोगों को हंसाया। डॉ शुचिता देशमुख, पंकज सराफ, डॉ अभया जोगलेकर, श्याम सुंदर खनगन की भूमिका महत्वपूर्ण रही। अजय पोतदार का सेट अदालत का पूरा माहौल तैयार करने में सहायक रहा। प्रवीण क्षीरसागर की प्रकाश व पार्श्व संगीत व्यवस्था भी नाटक को ऊंचाई दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ रमणेश मूर्ति अधिष्ठाता छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान थे। अध्यक्षता संजय अग्रवाल कलेक्टर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में रजनेश सिंह एसएसपी उपस्थित थे।



### पोट्रेट रंगोली बनाकर कलाकारों का स्वागत

संस्कार भारती की ओर से नाटक के निर्देशक प्रसिद्ध रंगकर्मी शशि वरवंडकर की पोट्रेट रंगोली बना कर कलाकारों की टीम का स्वागत किया गया। हुबहू बनी इस रंगोली का कलाकारों सहित अन्य सभी लोगों ने अवलोकन कर कला प्रतिभा की धनी मोना केंवट के इस प्रयास की सराहना की। रंगोली बनाने में पूजा पटेल का भी सहयोग रहा।

कार्नर न्यूज

# युद्ध से मोबाइल, लैपटॉप व हार्डडिस्क की कीमतों में इजाफा

अमेरिका-ईरान युद्ध का असर अब केवल तेल बाजार तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसका प्रभाव इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग पर भी पड़ा है। व्यापारी जय ठारवानी ने बताया कि स्मार्टफोन, लैपटॉप, हार्डडिस्क, कंप्यूटर पार्ट्स और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की कीमतों में 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दरअसल, आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में उपयोग होने वाले सेमीकंडक्टर चिप, प्रिंटेड सर्किट बोर्ड, मेमोरी चिप और अन्य महत्वपूर्ण पुर्जों के निर्माण के लिए वैश्विक सप्लाई चेन पर निर्भरता रहती है। मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण कच्चे माल, ऊर्जा और परिवहन लागत में तेजी आई है, जिससे उत्पादन महंगा हो रहा है। व यापारी ने बताया की कीमतों में अप्रैल के बाद से 40 प्रतिशत तक उछाल दर्ज किया गया है,जबकि तांबा और अन्य जरूरी सामग्रियों की लागत भी बढ़ी है। इसका सीधा असर मोबाइल फोन, लैपटॉप, हार्डडिस्क और कंप्यूटर एसेसरीज की कीमतों पर पड़ा है। युद्ध के चलते तेल की कीमतों में भी तेजी आई है। कच्चे तेल के महंगे होने से माल ढुलाई और उत्पादन खर्च बढ़ता है, जिसका बोझ अंततः उपभोक्ताओं पर पड़ता है। कई देशों की कंपनियां संभावित कमी से बचने के लिए इलेक्ट्रॉनिक सामान और चिप्स का अतिरिक्त स्टॉक जमा कर रही हैं। यदि अमेरिका-ईरान तनाव लंबा खिंचता है तो मोबाइल, लैपटॉप, हार्डडिस्क, एसएसडी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की कीमतों में 50 प्रतिशत तक बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है, साथ ही बाजार में कुछ उत्पादों की उपलब्धता भी प्रभावित हो सकती है।



### व्यापार भी प्रभावित

सैमसंग कंपनी के स्टोर हेड निमेष पांडेय ने बताया कि युध्द से मोबाईल सेक्टर बहुत ईजाफा हुआ है। एआई फीचर मोबाईल फोन में चिप पुर्जे निर्माण के लिए वैश्विक सप्लाई चेन पर निर्भरता रहती है। इसकी सप्लाई कम होने से सॉर्टेज हो गया जिस वजह से सभी की कीमत बढ गई है। इससे व्यापार में भी प्रभाव पड़ा है,बिजनेस कम हो गया है।

### युद्ध की वजह से आपूर्ति प्रभावित

शहर के कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध की वजह से इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल फोन की आपूर्ति प्रभावित हुई है। इस वजह से इनकी कीमत में वृद्धि हुई है। पार्ट्स महंगे होने से उत्पादन में भी कमी होने की बात बतायी जा रही है। स्मार्टफोन और टीवी में इस्तेमाल होने वाली मेमोरी चिप्स की कीमतें बढ़ चुकी हैं। मिड-रेंज फोन महंगे हो रहे हैं। लैपटॉप के भी दाम में इजाफा हुआ है।

### ऑनलाइन पढ़ाई करने वाले छात्रों को होगी दिक्कत



प्रिंस सिंह ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षा की ऑनलाइन तैयारी कर रहे हैं छात्रों को लैपटॉप और प्रिंस मोबाइल से यू-ट्यूब के जरिए पढ़ाई करते हैं। इनका कहना है कि मोबाइल और लैपटॉप के दाम बढ़ने से उन छात्रों के अभिभावकों के समक्ष इसकी खरीद करने में परेशानी आएगी, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। अगर युद्ध लंबे समय तक चला तो भविष्य में इसके दाम में और बढ़ोतरी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। युद्ध का असर खाद्यान्न एवं खाद्य पदार्थों पर भी दिखेगा।

## खबर संक्षेप

### आईटीआई में प्रवेश के लिए आवेदन 15 तक

**बिल्हा।** बिल्हा एवं सिरगिट्टी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में शैक्षणिक सत्र 2026-27 एवं 2027-28 के लिए विभिन्न व्यवसाय कोपा में ऑनलाइन प्रवेश हेतु 15 जून तक आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट पर जाकर 15 जून की रात 11:59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन और चॉइस फिलिंगकर सकते हैं। तय समय सीमा के भीतर आवेदक अपने फार्म में भी त्रुटि सुधार कर सकते हैं।

### व्यवसायों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 15 तक

**मुंगेली।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में शैक्षणिक सत्र 2026-27 एवं 2026-28 के लिए विभिन्न एनसीवीटी एवं एससीवीटी व्यवसायों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 15 जून तक किया जा सकता है। संस्था से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोपा एकवर्षीय पाठ्यक्रम में 48 सीट, स्टेनों हिन्दी में 48 सीट, विद्युतकार एवं फिटर द्विवर्षीय पाठ्यक्रम में 20-20 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

### स्वच्छता दीदियों के लिए सफाई मित्र सुरक्षा शिविर

**मुंगेली।** नगर पालिका परिषद में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत स्वच्छता दीदियों के लिए सफाई मित्र सुरक्षा शिविर लगाया गया। इसमें मोबाइल मेडिकल यूनिट की बस द्वारा कार्यस्थल पर ही डॉक्टरों ने दीदियों का ऑन-साइट इलाज किया। इस विशेष सुरक्षा शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर और हीमोग्लोबिन की जांच कर मौके पर ही जरूरी दवाइयां बांटी गईं। डॉक्टरों ने संक्रमण से बचने के लिए मास्क और ग्लव्स पहनने की सलाह दी। कार्यस्थल पर ही सीधे चिकित्सा लाभ मिलने पर स्वच्छता दीदियों ने छत्तीसगढ़ शासन का आभार जताया।

### महिला से मारपीट करने वाले पर जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** पति के साथ गाली गलौज करने से मना करने पर महिला से मारपीट करने वाले के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम ईमलीपारा निवासी गुलाबो खांडे 28 मई की रात अपनी बेटी दिव्या खाण्डे एवं बेटा आदित्य खाण्डे के साथ खाना खाकर अपने घर पर ही थे। उनका पति दिनेश खाण्डे मोहल्ले तरफ टहलने गए थे। रात करीबन 9 बजे उसके जेठ पुसउ खाण्डे द्वारा गाली गलौज दिए जाने की आवाज सुनकर बाहर निकले तो देखा कि जेठ पुसउ खाण्डे व उसका बेटा साहिल खाण्डे उसके पति का नाम लेकर अश्लील गाली कर रहे थे, मना करने पर उन्होंने मारपीट की। जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने धारा 296, 351 (3), 115 (2), 3 (5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### जमीन विवाद पर मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** जमीन विवाद पर रंजिश को लेकर गाली गलौज कर मारपीट करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम राजाकापा निवासी दिलीप मिरे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 31 मई को शाम 7 बजे जमीन विवाद की रंजिश को लेकर श्याम कार्तिक मिरे घर के बाहर देखकर गाली गलौज करने लगा मना करने पर श्याम कार्तिक मिरे, प्रमिला मिरे और अप्पू मिरे हाथ, मुक्का एवं डंडे से मारपीट करने लगा और बीच बचाव के लिए आई पत्नी सोनी मिरे की भी जमकर पटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115, 2 296, 3, 5 351, 3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## निधन

### राजेश पमनानी



**बिलासपुर।** करबला चौक निवासी राजेश पमनानी का 1 जून सोमवार को निधन गया। उनका अंतिम संस्कार दयालबंद मधुबन मुक्तिधाम में किया गया। वे पूर्व पार्षद राजकुमार बबलू पमनानी एवं मनोज पमनानी के छोटे भाई थे।

### एसजे मसीह



**जरहागांव।** बुधुवाकापा छतौना निवासी एसजे मसीह पति स्व.जीवन मसीह का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार प्रभु की वाटिका में किया गया। वे एजलीना लाल, सुजाता मसीह, नीलू पाल की माता थीं।

## उपमुख्यमंत्री ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, एक करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की घोषणा

# आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यः साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

ग्राम करूहानार में आयोजित समाधान शिविर में उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। श्री साव ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और आमजनों को योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में बच्चों को अन्नप्राशन कराते हुए उनके स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार के माध्यम से आमजनों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। विकास और सुशासन हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिविरों में प्राप्त प्रत्येक आवेदन पर गंभीरता से विचार कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है और समाधान शिविरों में सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहते हैं, जिससे लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना नहीं पड़ता। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री साव ने क्षेत्र के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। उन्होंने ग्राम करूहानार में शेड निर्माण हेतु 5 लाख रुपये, महामाया परिसर में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख रुपये, ग्राम लगरा एवं हरदी में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के लिए 28-28 लाख रूपये, ग्राम गातापार एवं रसपालपुर में पंचायत भवन निर्माण हेतु 20-20 लाख रुपये तथा बैजलपुर में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र भवन निर्माण के लिए 5 लाख रुपये की घोषणा की। जनपद पंचायत लोरमी की अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह ने कहा कि सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच विश्वास का मजबूत सेतु बन रहा है तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। समाजसेवी अनीता कोमल साहू ने भी सुशासन तिहार को ग्रामीणों और गरीबों की समस्याओं के प्रभावी समाधान का सशक्त मंच बताया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, एसडीएम अजीत पुजारी, सीईओ सुरेश कवंर सहित संबंधित अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए।



कार्यक्रम में उपस्थित डिप्टी सीएम साव।

### ऑनलाइन लेनदेन में बरतें सावधानीः एसएसपी

कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने लोगों से सोशल मीडिया, फर्जी कॉल, लिंक और ऑनलाइन लेनदेन के दौरान विशेष सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा कि थोड़ी सी लापरवाही आर्थिक नुकसान का कारण बन सकती है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं या निकटतम पुलिस थाने से संपर्क करें। जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने बताया कि संतृप्तिकरण शिविर के दौरान करूहानार क्लस्टर में 1100 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित आवेदन सर्वाधिक हैं। उन्होंने पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया।

### अमलडीही में व्यावसायिक परिसर का लोकार्पण

उप मुख्यमंत्री और स्थानीय विधायक अरुण साव ने ग्राम अमलडीही में नवनिर्मित व्यावसायिक परिसर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, गांव में 15 लाख रुपए की लागत से 6 दुकान बनी है। जिसका जल्द आवंटन होगा। यह परिसर स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने के साथ ग्रामीणों के लिए स्वरोजगार और नए रोजगार के अवसर सृजित करेगा। श्री साव ने कहा कि, साय सरकार का संकल्प गांवों को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। जनसुविधाओं के विस्तार और विकास कार्यों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों का विकास कार्य निरंतर जारी है।

### पेड़ की छांव में लगाई जनचौपाल

श्री साव ने ग्राम जरहापारा में आम पेड़ के नीचे जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने गांव में हुए विकास कार्यों पर चर्चा कर जनकल्याणकारी योजनाओं पर फीडबैक लिया। श्री साव ने ग्राम जरहापारा में देवगुड़ी निर्माण के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। श्री साव ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर समाधान किया। शेष आवेदनों के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। वहीं पेयजल की समस्या के लिए बोरवेल खनन होने की बात कही। वृद्धा पेंशन में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने की पंचायत सचिव को हिदायत दी।



## सरगांव नगर पंचायत में 97 प्रतिशत मतदान

**सरगांव।** नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 7 में पार्षद पद के लिए सोमवार को शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न हो गया। भाजपा प्रत्याशी पूजा कौशिक और कांग्रेस प्रत्याशी मालती दुखहरन यादव के बीच हुए इस बहुप्रतीक्षित मुकाबले में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

मतदान केंद्र क्रमांक 1 सरगांव में कुल 96.75 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार सुबह 8 बजे शुरू हुआ मतदान निर्धारित समय तक जारी रहा। केंद्र में कुल 328 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिनमें 166 पुरुष एवं 162 महिला मतदाता शामिल रहे। मतदान समाप्त होने के बाद अधिकारियों ने मतदान प्रक्रिया के सफलतापूर्वक संपन्न होने की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 7 में यह उपचुनाव पूर्व पार्षद राजकुमारी कौशिक के निधन के बाद कराया गया। भाजपा ने उनकी बहू पूजा कौशिक को प्रत्याशी बनाया, जबकि कांग्रेस ने मालती दुखहरन यादव को मैदान में उतारा। चुनाव प्रचार के दौरान दोनों दलों ने पूरी ताकत झोंक दी थी। भाजपा की ओर से बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने मोर्चा संभाला, वहीं कांग्रेस के पक्ष में कई प्रदेश स्तर के नेताओ ने जनसंपर्क कर मतदाताओं से समर्थन मांगा था। मतदान के दिन मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला और सुबह से ही केंद्र पर मतदाताओं की आवाजाही बनी रही। प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं, जिससे मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

नगर पंचायत उपाध्यक्ष स्वर्गीय राजकुमारी कौशिक की उपाध्यक्ष के पदभार ग्रहण करने के कुछ दिनों के बाद स्वास्थ बिगड़ने के कारण निधन हो गया था जिनके बाद यह सीट खाली रह गई थी।

## कुएं में गिरी महिला, ग्रामीण ने बचाई जान



**लोरमी।** अचानकमार टाइगर रिजर्व अभयारण्य क्षेत्र के ग्राम जाकड़बांधा में रविवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। पानी भरने गई एक महिला पैर फिसलने से कुएं में गिर गई। उसकी पुकार सुनकर ग्रामीण वहां पहुंचे और समय रहते महिला को बचा लिया गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम सुरही निवासी बजरहिन बैगा (45 वर्ष), पति सुरीतराम बैगा अपने रिश्तेदार बुधवार सिंह बैगा के घर ग्राम जाकड़बांधा आई हुई थीं। 31 मई की सुबह लगभग 6:30 बजे वह पानी लेने के लिए गांव के कुएं पर गई थीं। पानी भरने के दौरान अचानक उसका पैर फिसला और वह गहरे कुएं में जा गिरी। महिला के कुएं में गिरने की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान ग्राम जाकड़बांधा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता दिलहरन मसराम पिता रामचरण मसराम ने अदम्य साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए अपनी जान की परवाह किए बिना कुएं में उतरकर महिला को सुरक्षित बाहर निकाला। इससे एक बड़ा हादसा टल गया और महिला की जान बच सकी। घटना के बाद ग्रामीणों ने दिलहरन मसराम की बहादुरी, मानवता और सेवा भावना की सराहना करते हुए उन्हें क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत बताया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते बचाव कार्य नहीं किया जाता, तो गंभीर दुर्घटना हो सकती थी।

## बोदरी में मनाया गया विश्व ब्राह्मण दिवस



कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

**बोदरी।** नगर पालिका बोदरी स्थित भगवान श्री परशुराम भवन प्रांगण में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व ब्राह्मण दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र भर से विप्रजन एवं मातृ शक्तियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य पंडित दिनेश दुबे द्वारा भगवान श्री परशुराम के पूजन एवं आरती के साथ किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली मातृ शक्तियों को जिला पंचायत सदस्य अनिता राजेन्द्र शुक्ला ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसके पश्चात आचार्य श्री दुबे एवं श्रीमती शुक्ला द्वारा नव बटुकों का जनेऊ, श्रीफल एवं गमछा भेंट कर सम्मान किया गया। अपने उद्बोधन में अनिता राजेन्द्र शुक्ला ने कहा कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए समाज की उन्नति में योगदान दें तथा प्राप्त संस्कारों और दीक्षा को अपने जीवन में आत्मसात करें। कार्यक्रम के दौरान दिवंगत स्व. राघव शर्मा, निवासी देव किरारी (बिल्हा) की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मातृ शक्तियों द्वारा राम स्तुति एवं भजन प्रस्तुत किया गया। भक्ति एवं सामाजिक एकता के वातावरण में आयोजित यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## सतलोक आश्रम निर्माण के विरोध में सौंपा ज्ञापन



पुलिस को ज्ञापन देते हिन्दू संगठन के पदाधिकारी।

**सेतगंगा/मुंगेली।** जिले के ग्राम बीजाताराई में रामपाल के सतलोक आश्रम के निर्माण व संचालन का स्थानीय ग्रामीणों, सनातन हिन्दू रक्षा मंच और अन्य हिन्दू संगठनों द्वारा विरोध किया जा रहा है। इसी तारतम्य में गत दिवस धर्म नगरी सेतगंगा में श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में सायंकाल 5 बजे बैठक आहूत की गई थी। जिसमें लगभग 300 धर्मावलम्बियों ने शामिल हुए।

बैठक में सर्व प्रथक महंत राधेश्याम दास ने बैठक के उद्देश्य पर गहन प्रकाश डालते हुए कहा कि सतलोक आश्रम के प्रमुख राम पाल विवादित व्यक्ति है वे मूर्ति पूजा के घोर विरोधी है और इसके अनुयायी भी इस क्षेत्र में नगण्य हैं। उपरांत यहां आश्रम निर्माण किसके अनुमति व संयोजन से किया जा रहा है और इसके निर्माण के लिए भी फंड कहां से आ रहा है यह विचारणीय है। दिनेश सोनी, ब्रजेश शर्मा, देवलाल केशरवानी, पद्मराज सिंह, छबि लाल ठाकुर, मनोहर यादव, रोहित सागर, सत्यप्रकाश गबेल, संजय सिंह परिहार ने भी अपने विचार रखें। तत्पश्चात उपस्थितजनों ने पुलिस थाना फास्टरपुर सेतगंगा में उक्त आश्रम के निर्माण पर अविलम्ब रोक लगाने ज्ञापन दिए। बैठक में सर्वप्रथम महंत राधेश्याम दास, विश्व हिन्दू परिषद् जिला अध्यक्ष दिनेश सोनी, देवलाल केशरवानी, पद्मराज सिंह, बृजेश शर्मा, संयोजक सरगांव, यशवंत परिहार, छबिलाल सिंह ठाकुर, संजय सिंह परिहार, शिव उपाध्याय, नीरज केशरवानी, केशव सिंह परिहार, कन्हैया सिंह, मनोहर गबेल, सत्य प्रकाश गबेल, नारायण शर्मा, मनोहर यादव, केजू गबेल, सेवप्रकाश साहू, जय देवांगन, रमाकांत सोनी, दिलेश्वर गबेल, रायसिंह गबेल, रामकुमार यादव, रज्जू श्रीवास, कवल गबेल, रोहित सागर, आशीष यादव, मन्नू चंद्राकर, मजबूत गबेल, कुंदन गबेल, योग राज गबेल, रोहित कुमार, पूनाराम निर्मलकर, नरेंद्र जायसवाल, लक्ष्मी प्रसाद, सालिक राम साहू, जलेश यादव, सनत साहू, आनंद साहू, महेश गबेल, दलव चंद्राकर, छेदी लाल साहू, राजेंद्र गबेल, गोकुल गबेल, धन्नू यादव, बीरबल गबेल, ईश्वर प्रसाद साहू, मन्नू चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

## बचरवार चोरी कांड के दो फरार आरोपी गिरफ्तार



**पेंड्रा।** पेंड्रा में पुलिस और ग्रामीणों के साझा प्रयास से अंतरराज्यीय चोर गिरोह के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है।

पेंड्रा थाना अंतर्गत बचरवार गांव में चोरी की नीयत से घुसे इस गिरोह को ग्रामीणों ने अपनी सूझबूझ और मुस्तैदी से घेराबंदी कर पकड़ा था। शुरुआत में ग्रामीणों ने तीन चोरों को दबोचकर पुलिस के हवाले किया था, जो सफेद रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी से भागने की फिराक में थे। पुलिस ने मौके से एक स्कॉर्पियो वाहन, चोरी किए गए पानी के पंप और बिजली के तार बरामद किए थे। इस मामले में एक बड़ा अपडेट सामने आया है कि घटना के वक्त अंधेरे और अफरा-तफरी का फायदा उठाकर फरार हुए दो अन्य आरोपियों को भी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गिरफ्तार कर लिया है, जिससे इस मामले में अब तक गिरफ्तार होने वाले आरोपियों की कुल संख्या 5 हो गई है। एएसपी अविनाश मिश्रा ने पहले बताया था कि इस गिरोह के तीन सदस्यों को फिलहाल गिरफ्तार कर लिया गया है, जिनमें गणेश प्रसाद भरिया उर्फ चुक्कू (22 साल, निवासी कुडकंई), संतोष साहू उर्फ लालू (24 साल, निवासी बचरवार पतेराटोला) और छोटे लाल भरिया (27 साल, निवासी कुडकंई) शामिल हैं, जिन्हें पहले ही न्यायिक रिमांड पर लिया जा चुका था। वहीं फरार दो अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें लगातार छापेमारी कर रही थीं। इसी कड़ी में पुलिस को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने फरार चल रहे दोनों आरोपियों मोनू काशीपुरी (पिता मलेश्वर, उम्र 22 वर्ष, निवासी बचरवार पेंड्रा) और ओमकार राठौर उर्फ लल्लू (पिता लेखराम राठौर, उम्र 24 वर्ष, निवासी बचरवार) को भी गिरफ्तार कर लिया है।

## महिलाओं ने ली स्वच्छता की शपथ, किया पौधरोपण

**मुंगेली।** क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला स्व-सहायता समूहों की सक्रिय सहभागिता के साथ एक विशेष स्वच्छता अभियान और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत महिलाओं ने न केवल स्वच्छता की शपथ ली, बल्कि पर्यावरण को हरा-भरा बनाने के लिए पौधरोपण करने का भी संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य कचरे के सही निपटान, गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करने तथा प्लास्टिक मुक्त समाज के निर्माण के प्रति लोगों को जागरूक करना था। जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने बैनर और पोस्टरों के माध्यम से आस- पास के लोगों को स्वच्छता नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उपस्थित विशेषज्ञों प्रतिनिधियों ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के तहत कचरा प्रबंधन की नई गाइडलाइंस के बारे में बताया। इस अवसर पर स्व-सहायता समूह की पदाधिकारियों ने कहा कि महिलाएं समाज में बदलाव का सबसे बड़ा माध्यम हैं।

### कार्यशाला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 7 को

**मुंगेली।** डॉ. भीमराव आम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय परिसर में ही जिला स्तरीय 10 वी एवं 12 वी बोर्ड परीक्षा 2026 में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी जाति वर्ग के प्रतिभावान छात्रों तथा सीजीपीएससी एवं यूपीएससी परीक्षा की तैयारी करने वाले स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक दिवसीय निःशुल्क कैरियर गाइडेंस कार्यशाला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 7 जून रविवार को प्रातः 11 बजे से दो सत्र में किया जा रहा है। प्रथम सत्र में कैरियर गाइडेंस एवं द्वितीय सत्र में प्रतिभा सम्मान जिसमें जिले के समस्त शासकीय अशासकीय शालाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्रा अपने रिजल्ट के इंटरनेट कॉपी और अपने एक अभिभावक के साथ उपस्थित हो सकते हैं। पूर्व से पंजीयन भी करा सकते हैं।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा प्रयाग वर्मा पोता श्री सुरेन्द्र कुमार वर्मा निवासी 27 खोली कुदुदंड बिलासपुर छत्तीसगढ़ से इनके नाम पर मौजा मंगला प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. सरकंडा बिलासपुर ब्लॉक बिल्हा अंतर्गत नगर निगम बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर में स्थित भूमि व मकान जिसका (विक्री पत्र के अनुसार खसरा नम्बर नम्बर 242/50 रकबा 1000 वर्गफुट) राजस्व रिकॉर्ड बी-1 के अनुसार खसरा नम्बर 242/50 रकबा 1000 वर्गफुट जमीन जिस पर 900 वर्गफुट पर निर्मित मकान जो कि अभिषेक विहार फेस-2 मंगला बिलासपुर, ले-आउट भू क्रमांक 169 स्थित है जो कि मेरे द्वारा खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी।

सो सूचना जाने।

भवदीय
नैना यादव
पति श्री लव कुमार यादव
निवासी बजरंग पारा पेण्ड्री
जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़
मो. 9770013375, 8839188705

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक बिल्हा, तहसील-बिल्हा/बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

//सूचना//
क्रमांक/क्यू/रा.नि./2025
बिल्हा दिनांक / /2025

प्रति,
आवेदक/आवेदिका..बालकृष्ण पाण्डे पि. स्व. डी. जे. पाण्डे निवास बिलासपुर
आवेदक के बताये अनुसार समीपी भूमिस्वामी - नारायण प्रसाद, जगन्नाथ धुरी, जगन्नाथ धुरी, सुनील किशोर प्रसाद।

विषयः-मौका जांच/सीमांकन में उपस्थित होने बाबत।

संदर्भः-न्यायालय तहसीलदार/ नायब तहसीलदार बिल्हा/बोदरी / ज्ञापन क्रमांक / /क./तह. वाचक/2025 बिल्हा दिनांक / /2025

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक/आवेदिका बालकृष्ण पाण्डे पिता स्व.डी.जे.पाण्डे निवासी बिलासपुर के द्वारा न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार बिल्हा / बोदरी में मौजा-मोहभट्ठा प.ह.नं. 10 रा.नि.मं.-बिल्हा, तहसील-बिल्हा / बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि बिलासपुर खसरा नं. 268/9 रकबा 0.0610 का सीमांकन हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत आवेदन किया गाया है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 10.06.26 को समय 12.00 से 5.00 बजे से किया जाना है। अतः आप अपनी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज सहित उक्त नियत तिथि को स्थल पर उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

राजस्व निरीक्षक बिल्हा,
तह.बिल्हा/बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

### समक्ष नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**शपथ पत्र**

मै श्रीमती रानी पटेल उम्र 42 वर्ष पति श्री लक्ष्मन पटेल निवासी एल.आई.जी. 59 वार्ड न. 06 मेन रोड यदुनंदन नगर तिफरा बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) की हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करती हूँ :-

1. यह कि मै उपरोक्त नाम व पते की निवासी हूँ।
2. यह कि मेरा आधार नं. 8494 9604 1645 एवं पेन कार्ड नं. EVDPP7643J में मेरा नाम रानी पटेल (RANI PATEL) दर्ज है जो कि सत्य व सही है।
3. यह कि भारतीय जीवन बीमा निगम मुंगेली में मेरा जीवन बीमा हुआ है जो कि मेरा पॉलीसी न. 358456594 में त्रुटिवश मेरा नाम जमोत्री पटेल (JAMOTRI PATEL) दर्ज हो गया है।
4. यह कि मेरा जीवन बीमा खाता में मेरा नाम जमोत्री पटेल (JAMOTRI PATEL) के स्थान पर रानी पटेल (RANI PATEL) दर्ज किया जावे, जिसके समर्थन में मै यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूँ।

रानी पटेल
शपथकर्ती

**सत्यापन**

मैं श्रीमती रानी पटेल उपरोक्त शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूँ कि शपथ पत्र कंडिका 01 से 04 तक के संपूर्ण कथन मेरी जानकारी में सत्य व सही है जिसे आज दिनांक 01.06.2026 को स्थान बिलासपुर में सुनकर, समझकर पढ़वाकर सही होना जानकर अपना हस्ताक्षर सत्यापित की।

रानी पटेल
शपथकर्ती

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-2 बिलासपुर

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः- जिला-**बिलासपुर** तहसील-**बिलासपुर** प.ह.न.-00032 सरकंडा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-**CT202526400107900196**

**ईश्तहार**

तहसील **बिलासपुर** के प.ह.न. 00032 के अंतर्गत ग्राम सरकंडा के वर्तमान भूमिस्वामी **प्रमोदसिंह पि.नारदसिंह पिता/पति-विनोदसिंह पि.नारदसिंह पता सा. देह** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक **78/25 (0.0120)** में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता **प्रमोद सिंह पिता/पति-नारद सिंह पता-सा देह** के नाम पर पंजीयन/फ्रौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15/06/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान **न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-2 बिलासपुर** पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/05/2026 को जारी किया जाता है।

**अतिरिक्त तहसीलदार:PRAKRITI DHRUW**
**बिलासपुर**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**सूचना**

क्र./क/रा.नि./2026 जूना बिलासपुर, दिनांक 18/05/2026

आवेदक सौरभ बलभद्र निवासी गोंड़पारा के द्वारा ग्राम तोरवा के प.ह.नं.37 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 1235/7 रकबा 0.0200 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसील बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 09/06/2026 को समय 10 am-5pm बजे किया जायेगा। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।

**राजस्व निरीक्षक**
**जूना बिलासपुर (छ.ग.)**

### न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/क / तह. / वा. / 2025
बिलासपुर, दिनांक 18/05/2026
रा.प्र.क्र....../ब-121/2025-26
ग्राम जूना बिलासपुर, प.ह.नं.-36

एतद्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम जूनाबिलासपुर, प.ह.नं.-36 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री वेकंट स्वामी नायडू पिता नारायण स्वामी नायडू, निवासी तारबहार बिलासपुर, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने पुत्री वैशाली नायडू पिता श्री वंकट स्वामी नायडू के लिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWSs) के लिए आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्र हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 08/06/2026 को दावा / आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार,
बिलासपुर (छ.ग.)

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग.

**सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना**

प्रति,
आवेदक/आवेदिका अल्पेश पटेल पिता रजनी भाई पटेल आवेदक के बताये अनुसार समीपी भूस्वामी 1. प्रकाश दावड़ा पि. मदन लाल दावड़ा, 2. विनोद जैन पि. लक्ष्मीचंद जैन, 3. पुष्पिंदर भाटिया पि. एस.एस. भाटिया अन्य हितबद्ध पक्षकार 4. अनिल छाबड़ा पि. रामलाल छाबड़ा, 5. नारायण सिंह धुरंधर पिता टेकसिंह धुरंधर, 6. दीपक सुतारिया पिता भगवान दास सुतारिया

**विषयः सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना के संबंध में।**

संदर्भः न्याया.ना. तह. बोदरी के ज्ञापन क्रमांक/क/ना.तह./वा/2026 बोदरी दिनांक 26.05.2026

उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक/आवेदिका अल्पेश पटेल पिता/पति रजनी भाई पटेल जाति गुजराती निवासी बडोदरा गुजरात द्वारा आवेदित भूमि ग्राम बोदरी प.ह.नं. 01 रानिमं. व तहसील बोदरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 259/15 म.नं. 02 रकबा 0.1660 हे. एकड़ के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर/सीमांकन किये हेतु न्याया. नायब तहसीलदार बोदरी में छ.ग. भू.रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच दिनांक 05.06.26 को 11 से 5 बजे को किया जाना है। अतः आप उक्त समय पर अपने समस्त कागजात के साथ मौके पर उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

टीपः उपरोक्त सीमांकन/मौका जांच अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

रा.नि.मं. बोदरी
तहसील बोदरी जिला बिलासपुर

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### थाना प्रभारी पासवान ने संभाला पदभार



**तखतपुर।** तखतपुर थाना में नया थाना प्रभारी के रूप में अवनीश कुमार पासवान ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि तखतपुर थाना क्षेत्र को नशा मुक्त क्षेत्र बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। अपराध का मुख्य जड़ नशा ही होता है इसलिए नशे के अवैध कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही भोले भाले लोगों के साथ फ्राड करने वाले लोगों को भी बख्शा नहीं जाएगा।

### चंद्रलेखा के सेवानिवृत होने पर बीएमओ ने किया सम्मान



**लोरमी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुपरवाइजर एलएचव्ही के पद पर पदस्थ चन्द्रलेखा यादव पति धनीराम यादव के सेवानिवृत्त होने पर एक समारोह आयोजित कर बीएमओ डॉक्टर जीएस दाऊ एवं सभी स्टाफ ने चंद्रलेखा यादव का सम्मान किया। डॉक्टर जीएस दाऊ ने कहा कि श्रीमति यादव ने 36 वर्षों तक स्वास्थ्य विभाग में अपनी सेवाएं दी है। इनका कार्य सराहनीय रहा है। इस अवसर पर राकेश मसीह बीईटीओ, जेआर सेन्द्राम पर्यवेक्षक, मनोज कुमार ध्रुव लेखापाल, सनत कुमार बघेल फार्मासिस्ट, किशोर कुमार साहू सहायक ग्रेड 2 व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### अमित जोगी ने की प्रदीप सोनी हत्याकांड मामले में सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**पेंड्रा।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने कोटमी में प्रतिष्ठित व्यापारी प्रदीप सोनी की हत्या के मामले में जिला कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन से मुलाकात की। उन्होंने मृतक के परिजनों और स्थानीय व्यापारी प्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में इस जघन्य हत्याकांड की सीबीआई जांच कराने की मांग की। ज्ञापन के अनुसार, यह घटना 26 मई 2026 की शाम करीब 7 बजे हुई थी। प्रदीप सोनी कोटमी के साप्ताहिक बाज़ार से दुकान बंद कर लौट रहे थे, तभी उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना को 108 घंटे से अधिक बीत जाने के बाद भी अब तक एक भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

### आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य यादव को दी गई विदाई



**मुंगेली।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा के प्राचार्य डॉ. आईपी यादव के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान सह विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्याता सांत्वना दत्ता ने डॉ.यादव के सम्मान में अभिनंदन पत्र का वाचन किया। अधिकारियों, एसएमडीसी अध्यक्ष और संकुल के शैक्षिक समन्वयक व प्रधान पाठकों द्वारा निवर्तमान प्राचार्य डॉ. यादव का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिला मिशन समन्वयक अशोक सोनी, सहायक जिला क्रीडा अधिकारी विजय वर्मा, बीईओ जितेंद्र कुमार बावरे, बीआरसी सूर्यकांत उपाध्याय, रामशरण यादव तथा प्राचार्य कृष्ण कुमार नवरंग, व्याख्याता पारूल ओझा सीएसी नेमीचंद भास्कर, प्रधान पाठक आनंद शर्मा, दिनेश निर्मलकर, लुकेश्वर ध्रुव संतोष मिश्रा, शत्रुहन कुलमित्र, अनिल कुमार डागौर, पूनम शर्मा, ममता पाटले, अरविंद सिंह राजपूत व्याख्याता पंकज मिश्रा, रश्मि पाण्डेय, वंदिता गुप्ता, सविता देवांगन, रूही फातिमा, पुष्पांजली कोशले, संध्या कुजूर, दीपांजली सोनी, शबनम बानो सहित अन्य मौजूद थे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका संघ की प्रांताध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि



**तखतपुर।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका संघ की प्रांताध्यक्ष सरिता पाठक के निधन पर तखतपुर परियोजना संगठन द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर तखतपुर परियोजना अध्यक्ष सुचिता शर्मा, संगठन के संरक्षक दिलीप तोलानी, सुनीता यादव, सुनीता साहू, सुरेखा पटेल, आशा ठाकुर, संतोषी ध्रुव, गीता धूरी, ममता ठाकुर, सरिता ठाकुर, योगिता क्षत्री, अनुपमा अनंत, लखेश्वरी साहू, रूख्मणी कश्यप, हराबाई कश्यप, रोहिणी खूंटे, पूर्णिमा स्वर्णकार, नम्रता सोनी, कमला बंजारे एवं उमा देवांगन सुनीता कश्यप सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

## अंतरराष्ट्रीय बाजार में आम की कीमत 2.5 लाख रुपए किलो

# मल्हार के किसान का चमत्कार, उगाया दुनिया का सबसे महंगा मियांज़ाकी आम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

अलग खबर

नगर के प्रगतिशील किसान ने रंगबिरंगी फूल गोभी, स्ट्राबेरी के बाद कृषि के क्षेत्र में एक ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है, जिसने सभी का ध्यान खींच लिया है। डीजे. वर्मा जैविक कृषि फार्म' के संचालक और कृषि रत्न से सम्मानित किसान जदुनंदन प्रसाद वर्मा ने अपने जैविक बगीचे में दुनिया के सबसे महंगे 'मियांज़ाकी' आम का सफल उत्पादन किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग ढाई लाख रुपये प्रति किलोग्राम तक बिकने वाला यह दुर्लभ आम अब बिलासपुर की धरती पर फल रहा है, वह भी पूरी तरह से जैविक तरीके से।

किसान जदुनंदन वर्मा ने बताया कि यह मियाज़ाकी आम जैसी दुर्लभ प्रजाति को हम खरीदकर तो नहीं खा सकते, लेकिन अपनी मेहनत और माटी के दम पर इसे अपने बाग में उत्पादित कर खाना एक किसान के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है। इसकी बनावट बहुत सुंदर है। इसका पल्प क्रीमी (मक्खन जैसा) था। सबसे अनोखी बात इसका स्वाद था, जो पारंपरिक आम से हटकर सीताफल और अन्य फलों के मिले-जुले अहसास जैसा लगा।



**विज्ञान और परंपरा का मेल**

इस जापानी प्रजाति के आम को छत्तीसगढ़ के गर्म वातावरण में उगाना किसी चुनौती से कम नहीं था। श्री वर्मा ने बिना किसी रासायनिक खाद या कीटनाशक के केवल 'जीवामृत', प्राकृतिक मल्चिंग और वर्मी कम्पोस्ट (केंचुआ खाद) का उपयोग कर इन पौधों को तैयार किया। उनकी यह सफलता साबित करती है कि जैविक पद्धति से न केवल विष-मुक्त खेती संभव है, बल्कि विदेशी और दुर्लभ किस्मों का भी सफल उत्पादन किया जा सकता है।

### रहेगा सुलभ

श्री वर्मा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय कीमत भले ही कुछ भी हो, लेकिन उनका उद्देश्य इस दुर्लभ आम का स्वाद अपने क्षेत्र के लोगों तक पहुंचाना है। उन्होंने संकल्प लिया है कि वे इसे बहुत ही सुलभ और किफायती दर पर स्थानीय लोगों के लिए उपलब्ध कराएंगे, ताकि सभी दुनिया के इस अनोखे फल का आनंद ले सकें।

### स्वास्थ्य के लिए लाभकारी

विशेषज्ञों के अनुसार इस आम में एंटीऑक्सीडेंट, बीटा-कैरोटीन और फोलिक एसिड से भरपूर होता है यह कैंसर से बचाव, कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने और त्वचा की सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है।

### बिलासपुर जिले के लिए उपलब्धि

यह एक बड़ी उपलब्धि है जिस तरह से मल्हार के इस किसान ने पूरे लगन व मेहनत के साथ जिले के लिए दुर्लभ मियाजाकी आम का सफलता पूर्वक उत्पादन किया है यह अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सामान्य किस्म के आम के अलावा देश में नए अनुसंधान हो रहे हैं जिससे किसानों की रुचि भी बढ़ी है। इस आम को लेकर मल्हार के किसान की सोच अच्छी है कि क्षेत्र के लोगो को कम कीमत में यह आम उपलब्ध कराएंगे।

**-डॉ संजय वर्मा,** मुख्य वैज्ञानिक कृषि महाविद्यालय, बिलासपुर



## अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती पर पौधरोपण व भूमिपूजन

**बोदरी।** अहिल्याबाई होल्कर कल्याण समिति के तत्वावधान में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती चकरभाठा बस्ती में हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर समिति द्वारा सामाजिक और सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जयंती उत्सव में लोकमाता के सम्मान में बनने वाले भव्य गेट प्रवेश द्वार निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच मनोज पांडे थे। साथ ही पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति दायित्व निभाते हुए परिसर में वृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामवासी और समिति के समस्त पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## लोकमाता ने इतिहास में छोड़ी अमिट छाप



**पथरिया।** लोकमाता अहिल्या देवी होलकर की 301वीं जयंती पर गड़रिया समाज ने नगर पंचायत स्थित सामाजिक भवन में संगोष्ठी का आयोजन किया। समाज के मुंगेली जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न पाली ने सामाजिक लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्या देवी होलकर जयंती भारत की उस महान विरांगना, कुशल प्रशासक और न्यायप्रिय शासिका को नमन करने का दिन है, जिन्होंने अपने जन-कल्याणकारी कार्यों से इतिहास में अमिट छाप छोड़ी है।

## सड़क हादसे में मृत युवक के गले पर मिला कटने का निशान, पीएम के लिए सिम्स रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

ग्राम सहसपुर के युवक की मृत्यु के बाद शव पर जख्म के निशान होने के कारण स्थानीय डाक्टरों ने उसका पोस्टमार्टम नहीं किया, बल्कि उसे सिम्स बिलासपुर रेफर कर दिया गया। मामले में लोरमी थाने में मर्ग कायम किया गया है।

- युवक की जख्म की हकीकत जानने डॉक्टर ने पीएम के लिए सिम्स किया रवाना!

जानकारी के अनुसार ग्राम सहसपुर निवासी हरिराम उर्फ (कल्लू) यादव 35 वर्ष पिता जनिराम यादव को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। ग्रामीणों ने अनुसार चिल्फी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोलहापारा पंडरिया कवर्धा मुख्य मार्ग पर सोमवार की सुबह 8:30 बजे रेत से भरे एक ट्रैक्टर ने मुख्य मार्ग पर पैदल चल रहे युवक को टक्कर मार दी थी। इसके बाद ग्रामीणों ने युवक को पहले गोड़खाम्हि तक बाइक में उसके बाद एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद से मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने लोरमी थाने में मामले की सूचना दी। पुलिस पीएम कराने सामुदायिक स्वास्थ्य पहुंची तो डॉक्टर ने मृत युवक के गले में धारनुमा किसी चीज से कटने के बड़ा जख्म देखा। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय चिकिसकीय टीम ने उच्च तकनीक से शव का पीएम कराने फैसला लिया। जिसके बाद परिजन इसका विरोध किया। थाना प्रभारी अखिलेश वैष्णव ने बताया की मामले में पुलिस ने जीरो में मर्ग कायम किया है। पीएम रिपोर्ट के आने के बाद विवेचना कर कार्यवाही की जाएगी। बीएमओ डॉ जीएस दाऊ ने कहा कि जख्म के निशान संवेदनशील होने के कारण स्थानीय अस्पताल में पीएम नहीं किया गया।

### जांच जारी

डॉक्टर को लगा कि जख्म संदिग्ध है तो रेफर कर दिया। मामले में परिजन के बयान एवं प्रत्यक्ष दर्शियों से पूछताछ एवं पीएम रिपोर्ट के बाद कुछ कहा जा सकता है। पुलिस कार्रवाई में जुटी है। जांच जारी है।

**-हरविन्द्र सिंह,** एसडीओपी

## सुशासन शिविर में पहुंचे कांग्रेसियों ने खाद-बीज के लिए सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर।** बेलतरा विधानसभा क्षेत्र सहित जिला बिलासपुर में किसानों को खरीफ सीजन 2026 हेतु खाद एवं बीज की पर्याप्त एवं समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित करने, सहकारी समितियों में व्याप्त खाद संकट दूर करने तथा कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर प्रभावी कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

सोमवार को गनियारी के सुशासन शिविर के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसी पहुंच गए। यह देखकर वहां पुलिस का अमला सजग हो गया। बाद में कांग्रेस जन ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस के पूर्व ज़िला अध्यक्ष विजय केशरवानी ने बताया कि खरीफ सीजन 2026 प्रारंभ हो चुका है। बेलतरा विधानसभा क्षेत्र सहित बिलासपुर जिले के किसान धान एवं अन्य खरीफ फसलों की बोनी एवं रोपाई की तैयारियों में जुट गए हैं। वर्तमान समय कृषि कार्य और किसानों की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसानों, किसान प्रतिनिधियों एवं जनप्रतिनिधियों से



लगातार मिल रही शिकायतों से यह साफ है कि जिले के अनेक क्षेत्रों में खाद एवं बीज की उपलब्धता को लेकर गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। विशेष रूप से बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली अनेक सहकारी समितियों में डीएपी, यूरिया, पोटाश, सुपर फास्फेट सहित आवश्यक खाद पर्याप्त भंडारण नहीं होने के कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को खाद के लिए बार-बार समितियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। अधिकांश समितियों में किसानों को घंटों कतार में खड़े रहने के बावजूद जरुरत के मुताबिक खाद नहीं मिल पा रहा है। समितियां किसानों को उनकी मांग के अनुरुप खाद की आपूर्ति नहीं कर पा रही है। बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के समान ही कमोबेश यही स्थिति जिले के सहकारी समितियों की है।

## धीरे-धीरे जीवन को खत्म करता है तंबाकू



**मुंगेली।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुर में नशामुक्ति संकल्प चौपाल का आयोजन किया गया। इस वर्ष की निकोटिन और तंबाकू की लत का पर्दाफाश थीम के तहत ग्रामीणों को तंबाकू एवं निकोटिन उत्पादों के दुष्प्रभाव की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मनीष बंजारा ने कहा कि नशा है एक अभिशाप, इससे बचे रहें हम और आप, जीवन को करें सुरक्षित। तंबाकू के सेवन से शरीर पर घातक प्रभाव पड़ते हैं। इसमें मौजूद निकोटीन और अन्य विषैले रसायन कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक, फेफड़ों की गंभीर बीमारियों (जैसे ब्रोंकाइटिस) और त्वचा संबंधी समस्याओं का प्रमुख कारण बनते हैं। इसके अलावा, यह दांतों को खराब करता है और रोग-प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करता है और तंबाकू धीरे-धीरे जीवन को खत्म करता है और परिवार की खुशियां छीन लेता है। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों, युवाओं को तंबाकू के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। सभी ने मिलकर तंबाकू मुक्त ग्राम निर्माण का संकल्प लिया तथा स्वयं तंबाकू से दूर रहने और समाज को जागरूक करने की शपथ ली।

## कृषि व्यापारी संघ की बैठक में खाद खरीदी-बिक्री पर चर्चा



**तखतपुर।** कृषि व्यापारी संघ की मीटिंग में खाद खरीदी-बिक्री पर चर्चा की गई। संघ के सदस्यों ने बताया कि कंपनी द्वारा जबरदस्ती डीलर, रिटेलर एवं किसानों को टैगिंग दिया जा रहा है। इससे डीलर से रिटेलर से किसानों की लागत दुगना बढ़ती ही जा रही है। इससे किसानों की फसल और जेब पर असर पड़ रहा है। कृषि व्यापारी संघ ने निर्णय लिया है कि अनिश्चित कालीन तक खाद का क्रय विक्रय नहीं करेंगे। यह नियम सभी व्यापारी 1 जून से तखतपुर ब्लॉक में जिला बिलासपुर में लागू किया जाना है। इस मौके पर व्यापारी संघ के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर उपाध्यक्ष नदीम अंसारी सचिव अनुराग गुप्ता संरक्षक संतराम, वसंत गुप्ता, अनिल गुप्ता, रूप चन्द सिंगरौल, मनोज सिंगरौल, गोलू, दुर्गेश देवांगन, मनोज पटेल, लोकेश गुप्ता, चिंटू अग्रवाल, प्रशांत कौशिक, नरेंद्र गुप्ता, आयुष ठाकुर, जनार्दन देवांगन, देव सिंगरौल, विनय साहू, राज कुमार यादव, राज कुमार ठाकुर, सुनील कौशिक, नारायण साहू, प्रमोद गुप्ता, अजय पटेल, फेंकू पटेल, गोलू पटेल, राम झूल साहू, राम कश्यप, हरदेव कश्यप, खिलेंद्र कश्यप, बंटी साहू, रिंकू निर्मलकर, राजेश ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## 11 केवी तार में चिपका ठेकेदार का कर्मचारी



**बिल्हा।** नगर के पास प्रसिद्ध स्थल मोहभट्ठा मेला परिसर में 11 केवी वायर में सुधार कर रहा ठेकेदार का कर्मचारी उसमें चिपक गया। जानकारी अनुसार नगर के पास प्रसिद्ध स्थल मोहभट्ठा मेला परिसर में ठेकेदार का आदमी सुधार कार्य हेतु गया हुआ था और खंभे में चिपक गया। बताया जा रहा है कि ठेकेदार के द्वारा परमिट लिया गया था किंतु लाइट बंद करने का परमिट लेने के बाद भी व्यक्ति खंबे में चिपक गया। जब पटाखे जैसी आवाज आई तो ग्रामीणों की नजर पड़ी आनन फानन में जान जोखिम में डालकर जैसे तैसे व्यक्ति को नीचे उतारा गया। ठेकेदार को जानकारी लगते ही वे घटनास्थल से प्राइवेट गाड़ी में कर्मचारी को कहां ले जाया गया इसकी जानकारी विभागीय अधिकारियों को भी नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों ने 112 एवं पुलिस को सूचित किया था किंतु 112 एवं पुलिस के आने के पहले ही घायल को प्राइवेट वाहन से घटनास्थल से ले जाए जाने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। पूर्व में भी उन्होंने मेला ग्राउंड से 11 केव्ही वायर हटाने की मांग की थी जिसके लिए विभाग द्वारा अभी तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

## कृष्ण जन्म की कथा सुनकर भावविभोर हुए श्रद्धालु



**मुंगेली।** कृष्ण गौ शाला धनगांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास पं. रामविलास शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि जब-जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है, तब-तब भगवान पृथ्वी पर अवतार लेकर भक्तों का कल्याण करते हैं। कृष्ण जन्म का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा पंडाल में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की झांकी सजाई गई तथा श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के साथ उत्साहपूर्वक जन्मोत्सव मनाया। अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। भागवत कथा में क्षेत्रीय विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरीश शुक्ला, शैलेश पाठक, भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जनपद से पवन पांडे, लाल साहू, राजा घृतलहरे, लल्लू सिंह, तरुण पाटले, कोटू दादवानी, मानस प्रताप सिंह, श्रीहरि सिंह परिहार, नंदकुमार सिंह, कांग्रेस से अनिल सोनी, संजीत बनर्जी, लोक राम साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रघुराज सिंह, आत्मा सिंह क्षत्रीय, दिलीप बंजारा, दीपक गुप्ता, आदित्य श्रीवास, इंद्रजीत, गणेश यादव, विष्णु पांडे, सुनील पाठक, लोकनाथ सिंह शामिल हुए।

## आंधी ने किया बिजली व्यवस्था को तहस-नहस

# अंधेरे में डूबा झझपुरीखुर्द, टूटे खंभे नहीं बदले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

अंचल का झझपुरीखुर्द गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं के अभाव और प्रशासनिक उदासीनता का दंश झेल रहा है। हाल ही में आई तेज आंधी ने गांव की विद्युत व्यवस्था को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया। तीन बिजली खंभे टूटकर धराशायी हो गए, तार खतरनाक स्थिति में झूल रहे हैं और पूरा गांव अंधेरे के साये में जीने को विवश है।

गांव के लोगों का कहना है कि बिजली केवल रोशनी का साधन नहीं, बल्कि आज के समय में जीवन की मूलभूत आवश्यकता बन चुकी है। बच्चों की पढ़ाई से लेकर किसानों के कार्य, पेयजल व्यवस्था से लेकर छोटे-छोटे घरेलू काम तक सब कुछ प्रभावित हो गया है। शाम ढलते ही गांव में सन्नाटा और अंधकार का साम्राज्य फैल जाता है। ग्रामीणों की पीड़ा इस बात को लेकर और अधिक बढ़ गई है कि घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद विद्युत विभाग की ओर से कोई गंभीर पहल दिखाई नहीं दे रही है। शिकायतें की गईं, अधिकारियों को सूचना दी गई, लेकिन जिम्मेदारों के कानों पर



जूं तक नहीं रेंगी। टूटे खंभे और लटकते तार मानो विभागीय लापरवाही की मूक गवाही दे रहे हैं।

### केवल आश्वासन ही मिला

ग्रामीणों का कहना है कि विभाग शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। यदि झूलते तारों की चपेट में कोई व्यक्ति या पशु आ जाए तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? गांव के बुजुर्गों का कहना है कि पहले भी कई बार समस्याओं को लेकर विभाग का ध्यान आकर्षित किया गया, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला।

### टूटे खंभों को तत्काल बदला जाए

गांववासियों ने जिला प्रशासन और विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि तत्काल टूटे हुए खंभों को बदलकर विद्युत आपूर्ति बहाल की जाए तथा लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

## सकारात्मक जीवन जीने की आधारशिला है योग



**तखतपुर।** नगर के राम सदन में योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में व्याख्याता जितेंद्र शुक्ला ने सहभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम का माध्यम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने की आधारशिला है।

उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक तनाव से मुक्ति पाकर आत्मिक शांति भी प्राप्त करता है। वर्तमान भागदौड़ भरी जीवनशैली में बढ़ते तनाव, अनियमित खानपान और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचाव के लिए योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना आवश्यक है। प्रतिदिन योग करने का आग्रह करते हुए कहा कि योग से एकाग्रता, आत्मविश्वास और कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। प्रशिक्षक रोहन सिंह ठाकुर ने शिविर में उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम कराया और महत्व की जानकारी भी दी गई। इस अवसर उपस्थित सभी ने योग को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।राम सदन में 25 मई से योग शिविर प्रातः 6 बजे से संचालित हो रहा है, जिसमें लोग उपस्थित होकर लाभ ले रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### झांसा देकर 15 लाख की ठगी, युवती गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रेलवे में नौकरी लगाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 15 लाख रुपए की ठगी करने वाली महिला की बेटी बैंक खाता धारक को पुलिस ने विशाखापटनम से गिरफ्तार कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार सांई भूमि निवासी एन व्यकंट प्रताप राव की विशाखापटनम निवासी नेतीनी इंद्राणी से जान पहचान थी। उसके पिता रेलवे विभाग में नौकरी कर रहे थे। श्री राव ने अपने बेटे की रेलवे में नौकरी लगवाने के लिए उनसे मुलाकात की। नेतीनी इंद्राणी ने अपने पिता के माध्यम से उनके बेटे की नौकरी लगवा देने का आश्वासन दिया। वर्ष 2020 से 2025 तक श्री राव ने उन्हें चेक,आरटीजीएस व ऑनलाइन के माध्यम से 15 लाख रुपए दिया। उसके बाद महिला विशाखापटनम चली गई। बेटे की नौकरी नहीं लगने पर उन्होंने महिला से पूछताछ की तो वह गुमराह करने लगी। उन्होंने अपना पैसा वापस मांगा तो इनकार कर दी। श्री राव की रिपोर्ट पर पुलिस ने महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया था। पुलिस ने बैंक खातों की जांच करने के बाद पाया महिला की बेटी वेलीवेंटी व्यकंट नागा कीर्ति के बैंक खाते में ठगी के रकम ट्रांसफर की गई है। एएसआई देवेन्द्र तिवारी ने विशाखापटनम में दबिश देकर बैंक खाता धारक वेलीवेंटी व्यकंट नागा कीर्ति को गिरफ्तार कर लिया है।

### फोटो एडिट कर युवती से ब्लैकमेलिंग, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** मॉडलिंग के दौरान एक युवती की फोटो खींचकर एडिटकर ब्लैकमेलिंग करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया कि शहर की एक युवती मॉडलिंग करती है। इस दौरान शहडोल के एक युवक ने युवती की अपने कैमरे से फोटो खींची और लौट गया। उसके बाद वह युवती के वाट्सएप में फोटो को एडिट कर गलत तरह की मांग कर रहा है। मांग पुरी नहीं होने पर एडीट फोटो सोशल मीडिया में वायरल कर बदनाम करने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर मोबाइल धारक युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### गांजा, चाकू सहित 7 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सरकण्डा पुलिस द्वारा क्षेत्र में ड्रोन कैमरे के माध्यम से संदिग्धों की धरपकड़ की गई। पुलिस ने 5 नाबालिग सहित 7 लोगों को पकड़कर गांजा व चाकू बरामद किया है। सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या को सूचना मिली कि चांटीडीह क्षेत्र में नाबालिगों के द्वारा गांजा बेचा जा रहा है। रात में ड्रोन कैमरा के माध्यम से संदिग्ध जगहों पर निगरानी रखते हुए चिंगराजपारा में दबिश देकर 5 नाबालिगों को पकड़ा गया। उनके पास से 6.744 किलो ग्राम गांजा बरामद किया गया। इसी तरह दो युवकों को पकड़कर उनके पास से चाकू बरामद किया गया है। पुलिस पकड़े गए युवकों के खिलाफ कार्रवाई करने में लगी हुई है।

### सिंगल यूज प्लास्टिक 46 हजार की पेनाल्टी

**बिलासपुर।** स्वच्छता अमले ने हाईटेक बस स्टैंड एवं मंगला क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं भंडारण करते पाए जाने पर कुल 11 दुकानों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जांच के दौरान दुकानों से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री जब्त की गई। साथ ही संबंधित दुकानदारों पर नगर निगम ने 46 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया।

**चार निर्माणाधीन मकान को भी तोड़ा गया** | सैदा रोड और साईं आनंदम के पास हो रही थी खरीदी बिक्री, अवैध कॉलोनाइजरों में हड़कंप

# 7 एकड़ में अवैध प्लाटिंग पर बड़ी कार्रवाई, दो प्रोजेक्ट पर चला निगम का बुलडोजर

**बिलासपुर।** सकरी क्षेत्र में 7 एकड़ में हो रही अवैध प्लाटिंग पर निगम ने कार्रवाई की है। भवन शाखा और जोन क्रमांक-01 की संयुक्त टीम द्वारा सकरी के सैदा रोड में स्थित लगभग 3 एकड़ भूमि पर अनूप चड्ढा द्वारा नगर तथा ग्राम निवेश विभाग एवं नगर निगम की अनुमति के बिना की जा रही अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की गई।

इस दौरान अवैध प्लाटिंग क्षेत्र में लगाए गए विद्युत पोल को हटाया गया और सड़क को तोड़ा गया। इसके अलावा ग्राम उसलापुर स्थित साईं मंगलम के समीप लगभग 2 एकड़ भूमि पर शिवराज सिंह द्वारा की जा रही अवैध प्लाटिंग पर भी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान सड़क,बाउंड्रीवाल के साथ निर्माणाधीन चार अवैध मकानों को भी तोड़ा गया है।



गौरतलब है कि बिना किसी स्वीकृत योजना और आवश्यक अनुमति के विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियां एवं प्लाटिंग न केवल शहर की सुनियोजित विकास व्यवस्था को प्रभावित करती हैं, बल्कि भविष्य में नागरिक सुविधाओं और आधारभूत संरचनाओं से संबंधित गंभीर समस्याएं भी उत्पन्न करती हैं। कार्रवाई के दौरान भवन अधिकारी अनुपम तिवारी, जोन आयुक्त श्रीमती रंजना अग्रवाल, सहायक भवन अधिकारी आशीष पाण्डेय, उप अभियंता राघवेन्द्र सिंह राजपूत, जुगल किशोर सिंह, जोन क्रमांक-01 के उप अभियंता हितेश मक्कड़ और पुलिस बल उपस्थित था।

### फेंसिंग, रोड और बाउंड्री ढहा दी गई

सकरी में संजय भार्गव नाम के व्यक्ति द्वारा शासकीय भूमि में अवैध रूप से कब्जा करते हुए मकान और बाउंड्रीवॉल का निर्माण किया गया था। इसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए निर्मित बाउंड्रीवाल एवं मकान को हटाया गया। निगम के मुताबिक कृषि जमीन पर बिना ले आउट, डायवर्सन कराए बिल्डरों द्वारा किसानों से एग्रीमेंट कर छोटे छोटे प्लाट की रजिस्ट्री कराने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। सकरी क्षेत्रों के अवैध प्लाटों पर निगम ने एक्सीवेटर के जरिए फेंसिंग, रोड और बाउंड्री ढहा दी। वहीं बिजली के खंभों समेत अन्य सामानों को जब्त कर लिया है।

### इन जगहों पर सबसे अधिक शिकायतें

गौरतलब है कि अवैध प्लाटिंग की सबसे ज्यादा शिकायतें सकरी, लोखंडी, मंगला और तखतपुर क्षेत्र से आई हैं, लेकिन इन क्षेत्रों में कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इसके अतिरिक्त आउटर के उस्लापुर, मोपका, खमतराई, बहतराई, बिजौर, तोरवा, कोनी, सिरगिट्टी, तिफरा में अनियोजित विकास हो रहा है। अवैध प्लाटिंग रोकने प्रशासन नाकाम है और लोग सस्ते प्लाट के चक्कर में लगातार ठगे जा रहे हैं। जिला प्रशासन रजिस्ट्री कार्यालय को स्पष्ट निर्देश दे कि वह बिना डायवर्सन, ले आउट देखे किसी भी प्लाट की रजिस्ट्री न करें। ऐसा करने से थोक के भाव में हो रही रजिस्ट्री नियंत्रित हो जाएगी।

भाजपा व कांग्रेस कार्यकर्ताओं बीच धक्कामुक्की

# गहमागहमी और हंगामे के बीच संजयनगर वार्ड के उपचुनाव में 69.74 फीसदी मतदान



मतदान के दौरान भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हुई झड़प।



विधायक अमर अग्रवाल पहुंचे समर्थकों के साथ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर नगर निगम के तारबाहर क्षेत्र स्थित संजयनगर वार्ड 29 में उपचुनाव के तहत सोमवार को पार्षद पद के लिए चुनाव हुआ। चुनाव के दौरान भारी गहमागहमी और हो-हल्ला हंगामा के बीच लगभग 69.74 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें कुल 3665 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें पुरुषों की संख्या 1827 और महिलाओं की संख्या 1837 है। इसके अलावा अन्य एक ने मतदान किया।

वहीं भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच वोटिंग के बीच जमकर नारेबाजी के साथ बहसबाजी और धक्कामुक्की भी हुई। तनाव की स्थिति न बन पाए इसलिए वोटिंग के आखिरी क्षण अतिरिक्त पुलिस बल बुलानी पड़ी। नगर निगम के कुल 70 वार्डो में एकमात्र वार्ड नंबर 29 संजयनगर वार्ड में पार्षद पद के लिए उपचुनाव हुआ। यहां वोटिंग के लिए कुल 8 बूथ बनाए गए थे, जिनमें से 6 बूथ आत्मानंद शासकीय स्कूल में और 2 बूथ प्राथमिक शाला घोड़ादाना में बनाए गए थे। मतदान सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित था और चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व पार्षद स्व. शेख असलम के पुत्र मो. आजम खान एवं भाजपा प्रत्याशी मधुसूदन राव तथा आम आदमी पार्टी प्रत्याशी शाहिल खान चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन कांग्रेस के गढ़ माने जाने वाले इस वार्ड में प्रमुख रूप से कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशी के बीच ही मुकाबला रहा। मतदान शुरुआत से ही स्मूथ चलता रहा और मतदान केन्द्रों में बहुत लंबी लाइन कहीं पर भी नजर नहीं आई वोटर आते रहे और मतदान करके जाते रहें, चूंकि ईवीएम के माध्यम से वोट पड़े इसलिए मतदान करने में भी ज्यादा समय नहीं लगा। शाम तक 69.74 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है, जिसमें पुरुष 71.65 प्रतिशत एवं महिला 67.94 प्रतिशत मतदान रहा। उपचुनाव के दौरान शासकीय घोड़ादाना प्राथमिक शाला मतदान केन्द्र में तो भीड़ कम रही, किन्तु आत्मानंद शासकीय स्कूल स्थित मतदान केन्द्र में सुबह से लेकर शाम को मतदान समाप्ति तक मतदान केन्द्र के सामने भाजपाई एवं कांग्रेसी नेताओं व कार्यकर्ताओं की भीड़ लगी और यह भीड़ मेनगेट के भीतर पहुंच जा रही थी। इसलिए पुलिस ने मेनगेट बंद कराकर बगल वाले छोटे गेट से मतदाताओं को आने-जाने दिया। इसके बाद भी मतदान केन्द्र भीतर जाने और मेनगेट के पास भीड़ लगाकर मतदाताओं को अपने-अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने घेरने, रिझाने के बात को लेकर बीच-बीच में कई बाद भाजपा और कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं के मध्य विवाद, बहसबाजी और धक्कामुक्की तक की नौबत आई और जमकर नारेबाजी तथा हंगामा हुआ। मौके पर तैनात पुलिस बल ने दोनों पक्षों को अलग-अलग कर माहौल शांत कराया। आखिरी समय में तनावपूर्ण स्थिति निर्मित न हो जाए इसलिए अतिरिक्त पुलिस मतदान केन्द्र सामने तैनात कर दिया गया था।

### विधायक, महापौर व भाजपा, कांग्रेस अध्यक्ष समेत तमाम नेता रहे सक्रिय

संजयनगर वार्ड 29 के उपचुनाव में आज शहर के सारे बड़े नेता सक्रिय रहे और एक तरह से आज तारबाहर क्षेत्र में भाजपा एवं कांग्रेस नेताओं का जमावड़ा लगा रहा। भाजपा के पूर्व मंत्री शहर विधायक अमर अग्रवाल खुद वोटिंग के दौरान जायजा लेने दोनों मतदान केन्द्रों पहुंचे थे। इसके साथ ही महापौर पूजा विधानी, भाजपा जिलाध्यक्ष शहर दीपक सिंह, पूर्व महापौर किशोर राय, मंडल अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, पार्षद रंगानादम, शैलेन्द्र यादव, महेश चन्द्रिकापुरे आदि भाजपा पार्षद, पदाधिकारी, कार्यकर्ता सक्रिय रहें। वहीं कांग्रेस से भी पूर्व विधायक शैलेष पांडेय, पूर्व महापौर रामशरण यादव, राजेश पांडेय, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुद्धांशु मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी, पूर्व शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, निगम नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप, अभयनारायण राय, रविन्द्र सिंह, जावेद मेमन, पंकज सिंह, समीर अहमद, नरेन्द्र बोलर समेत कांग्रेस पार्षद, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सक्रिय रहें। मतदान के दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह और जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल के साथ निरीक्षण करने पहुंचे थे।

### एसआईआर में घट गए 1996 मतदाता

संजयनगर वार्ड 29 में नगर निगम आम निर्वाचन के समय कुल 7 हजार 251 मतदाता थे, जबकि वर्तमान में उपचुनाव दौरान कुल मतदाताओं की संख्या 5 हजार 255 है। इस वार्ड में कुछ माह पहले हुए एसआईआर दौरान 1 हजार 996 मतदाताओं की संख्या घट गई है। इनमें से कई कारणों से इन मतदाताओं के नाम कटे थे।

# युवक ने लड़की के पिता को चाकू मारा, गिरफ्तार

कुदूदण्ड एसबीटी कालेज के बगल में हुई वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



अस्पताल में भर्ती घायल।



सीसी कैमरे में कैद आरोपी।



गिरफ्तार आरोपी।

एकतरफा प्यार में युवक ने नाबालिग लड़की के पिता पर चाकू से ताबड़तोड़ जानलेवा हमला कर दिया। इससे उनके शरीर पर चार जगहों में गंभीर चोट आई है। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावर युवक को हत्या के प्रयास के तहत गिरफ्तार कर लिया है। चाकूबाजी की इस वारदात सोशल मीडिया में जोरों से वायरल हो रही है।

■ एकतरफा प्यार का मामला

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार कुंडा रांपा निवासी मोहितदास मानिकपुरी पिता खोरबहरा मानिकपुरी (46 साल) पिछले कुछ समय से कुदूदंड एसबीटी कालेज के पास ठाकुरबाड़ा में किराए के मकान में परिवार के साथ रह रहे थे। दोनों पति-पत्नी दिहाड़ी रोजी-मजदूरी का काम करते हैं। उनकी बेटी से पास में ही रहने वाला शाहिल मरावी पिता विजय मरावी एकतरफा प्रेम करता है। उनकी बेटी से शादी करने की बात को लेकर लड़की के घरवालों से उसका विवाद चल रहा था। सोमवार 1 जून को सुबह मोहिदास की पत्नी विद्या मानिकपुरी काम पर चली गई थी।

सुबह पौने 11 बजे मोहितदास बाड़ा के सामने अपनी बाइक का प्लग साफ कर रहा था। इसी दौरान शाहिल मरावी हाथ में चाकू रखकर पीछे से आया और पीठ पर हमला कर दिया। मोहितदास ने बीच बचाव किया तो उन पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला करने लगा। उसके बाद भी मोहितदास ने उसे पकड़ने की काशिश की तो हमलावर शाहिल भाग गया। दिनदहाड़े चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही दो गाड़ियों में पुलिस मौके पर पहुंची। घायल मोहितदास को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया। उनकी पत्नी विद्या ने बताया कि उनके पति के शरीर पर चाकू से चार वार किया गया है। इसके बाद पुलिस टीम हमलावर की पतासाजी में लग गई। पुलिस को देखकर हमलावर शाहिल मरावी गिरकर चोटिल हो गया। उसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया है। पुलिस ने हत्या के प्रयास बीएनएस की धारा 109 के तहत जुर्म दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### लड़की के साथ की थी जमकर मारपीट

पुलिस के मुताबिक कुछ दिनों पूर्व मोहितदास मरावी की लड़की को दूसरे लड़के के साथ बातचीत करते देखकर उसके घर के सामने हमलावर शाहिल ने जमकर मारपीट की थी। उसके बाद दंपती ने अपनी नाबालिग लड़की को गांव भेज दिया था और खाली करने की तैयारी कर रहे थे।

# आरसीबी की जीत का जश्न मनाने के दौरान नशेड़ियों ने चाकू से युवक का गला रेता

**बिलासपुर।** बीती रात चकरभाठा में आईपीएल में आरसीबी टीम की जीत जश्न मनाने के बाद दौरान विवाद होने पर नशेड़ी युवकों ने एक युवक के साथ बेसबाल से जमकर पिटाई कर चाकू से गला रेतकर हत्या करने की कोशिश की। पुलिस ने नाबालिग सहित चार हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है।



चकरभाठा टीआई भावेश शेंडे ने बताया कि 31 मई की रात आईपीएल मैच में आरसीबी टीम की जीत होने पर चकरभाठा विकास नगर निवासी शादाब खान पिता हबीब मोहम्मद दोस्तों के साथ आशा विहार के पास आतिशबाजी कर जश्न मना रहा था। आतिशबाजी करने के बाद शादाब खान दोस्तों के साथ सिंधी मरघट के पास शराब पी रहा था। नशे में शादाब खान व आशु पटेल में विवाद हो गया। बातों-बातों में शादाब खान ने आशु पटेल की मां के संबंध अपशब्द बोल दिया। इससे आशु पटेल एवं उसके दोस्तों ने हाथ मुक्का, बेसबाल से शादाब खान के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। इसी दौरान आशु पटेल ने चाकू से उसका गला रेतकर हत्या करने की कोशिश की। शादाब खून से लथपथ बेहोश होकर गिर गया तो उसे मृत मानकर हमलावर भाग गए।

सूचना पर परिजन के द्वारा घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। परिजन की शिकायत पर पुलिस ने हमलावर आदर्श साहू पिता राजकुमार साहू 19 साल वार्ड क्रमांक 14 चकरभाठा, चंद्र प्रकाश पाठक पिता मन्नूलाल पाठक 20 साल वार्ड क्रमांक 12, राजा सारथी पिता रामकुमार सारथी 25 साल वार्ड क्रमांक 15 चकरभाठा व एक नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है।

# अवैध महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे नशा मुक्ति व प्रहार अभियान के तहत कोटा पुलिस ने ग्राम बेलटुकरी में कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने घेराबंदी कर अवैध रूप से महुआ शराब बेचने वाले दो आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर कोटा पुलिस की टीम ने बेलटुकरी में रेड मारी। कार्रवाई के दौरान आरोपी शत्रुहन उर्फ भूरू वर्मा 23 वर्ष के कब्जे से कुल 43 लीटर कच्ची महुआ शराब जिसकी कीमत लगभग 8 हजार 600 रूपए है और आरोपी लता बाई वर्मा 45 वर्ष के कब्जे से 52 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। दोनों आरोपियों के पास कुल 95 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अलग-अलग अपराध दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।इस कार्रवाई में प्रशिक्षु डीएसपी आकाश चौधरी, प्रधान आरक्षक सत्यप्रकाश यादव सहित पुलिस टीम की मुख्य भूमिका रही।



जब्त शराब सहित गिरफ्तार आरोपी।

### सरकण्डा में दो लोगों पर चाकू से हमला

सरकंडा पुलिस ने दो लोगों पर चाकू से हमला करने के मामले में जुर्म दर्ज कर लिया है। खमतराई भाठापारा निवासी टीकाराम साहू के घर में घुसकर शरद उर्फ झुमरू यादव, सिध्दु साहू एवं अन्य लोगों ने उनके बेटे गजानंद साहू से शराब पीने के लिए पैसा मांगा। नहीं देने पर मारपीट कर गजानंद के पीठ पर चाकू से हमला कर दिया। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। दूसरी घटना में खमतराई निवासी भास्कर जायसवाल बजाज फायनेंस कंपनी में कलेक्शन का काम करते है। उन्होने उदितनारायण सिंह राजपुत को कई बार किस्त पटाने के लिए कहा। 31 मई की रात 9.30 बजे वह उसके घर जाकर किस्त पटाने को कहा तो उदित नारायण ने नेलकटर के चाकू से उन पर हमला कर दिया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना



प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# देवभोग ने बढ़ाए दाम, कट रही लोगों की जेब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

देवभोग दुध सहित अन्य प्रोडक्ट के दामों में 1 से 2 रुपए का इजाफा किया गया है। सामान्य दुध में प्रतिलीटर 2 रुपए बढ़ाई गई है। इसका असर चाय ठेले, होटल और टीफिन सेवा देने वालों पर पड़ सकता है।

■ दूध खरीददारों में मचा हड़कंप

खास बात यह है कि कुछ ही दिन पहले अन्य कंपनियों ने भी अपने डेयरी प्रोडक्ट के दाम बढ़ाए थे, लेकिन यह कयास लगाया जा रहा था कि देवभोग लोगों की सहूलियत को देखते हुए दाम नहीं बढ़ाएंगा लेकिन रविवार से कीमतों में इजाफा कर दिया गया है। तेल व डीजल के दामों में हुई बढ़ोत्तरी का असर अब देवभोग प्रोडक्ट पर भी पड़ रहा है। घरों में पहुंचने वाले दुध के पैकेट में 1 से 2 रूपए बढ़ाए गए है। मंहगाई की मार का सीधा असर ठेले-खोमचे में चाय बेचने वालों पर पड़ेगा। दरअसल इससे पहले 15 मई से दिनशा, वचन, गाया जैसे डेयरी कंपनियों ने अपने प्रोडक्ट के दाम बढ़ाए थे, जिसके चलते देवभोग की बिकवाली बढ़ चुकी थी, लेकिन अचानक प्रतिलीटर 2 रूपए बढ़ने के बाद लोगों को निराशा ही हाथ लग रही है। देवभोग के आधा किलो का दुध अब 29 के बजाए 30 रूपए में मिल सकेगा।

### रेट लिस्ट

| | | |
|---|---|---|
| 500 एमएल दुध | - | 30 रुपए |
| 100 एमएम घी | - | 90 रुपए |
| 180 एलएल लस्सी | - | 30 रुपए |
| 1 किलो पनीर | - | 390 रुपए |
| 250 ग्राम पेडा | - | 170रुपए |
| 1 किलो दही | - | 80रुपए |
| 80 ग्राम श्रीखंड | - | 28 रुपए |

### लोकल ब्रांड का होगा कब्जा

बताया जा रहा है कि देवभोग के दाम बढ़ाने के बाद लोकल ब्रांड के दुध पैकेटों की बिक्री बढ़ेगी। दरअसल इसके मार्जिन ज्यादा होगी जिसके चलते देवभोग की ब्रिकी में प्रभाव पड़ सकता है। जानकारी के अनुसार नंदनम और इनश्योर जैसे डेयरी कंपनियों ने अपने दाम नहीं बढ़ाएं है।

# सीबीएसई 12वीं के छात्र करा सकेंगे री-इवैल्यूएशन

**बिलासपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 12वीं छात्र अब 1 जून से री-इवैल्यूएशन और आंसर-शीट की स्कैन कॉपी के लिए ऑनलाइन आवेदन कर पाएंगे। बोर्ड ने तारीख बढ़ाने का ऐलान किया है।

ध्यान रहे कि बोर्ड ने 19 मई से यह प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन आवेदन संख्या ज्यादा होने के कारण वेबसाइट क्रैश हो रही थी। इसके बाद तारीख बढ़ाकर 25 मई तक कर दी थी। स्टूडेंट्स को री-इवैल्यूएशन के दौरान पोर्टल पर सर्वर डाउन, पेमेंट फेल होने और ब्लर पेज जैसी तकनीकी दिक्कतें सामने आई थीं। स्टूडेंट्स की शिकायत के बाद सीबीएसई ने पोर्टल पर री-इवैल्यूएशन के लिए आवेदन प्रक्रिया को बंद कर दिया था। बोर्ड का कहना है कि वह पोर्टल को बेहतर बनाने पर काम कर रहा है, ताकि छात्रों को आवेदन करते समय परेशानी का सामना न करना पड़े। इस बार 4 लाख से ज्यादा छात्रों ने अपनी कॉपी दोबारा जांचने यानी री-इवैल्यूएशन के लिए अप्लाई किया।